www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

पत्र नहीं; मित्र

संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–225 । सागर, बुधवार, 4 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

मां ने नाबालिग बेटी को मौत के घाट उतारा — पृष्ठ 3

▪ बिहार के क्षितिज से उगे सूर्य का प्रकाश अब सारे देश में फैले
▪ मायावती ने शुरू किया बड़ा अभियान, किसी गठबंधन से कोई संबंध नहीं — पृष्ठ 4

▪ रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका — पृष्ठ 6

अधिकारी अपनी रिपोर्ट संयुक्त रुप से देना सुनिश्चित करें: कलेक्टर — पृष्ठ 7

## सार-समाचार

### नायडू को राहत नहीं, 9 को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने आंध्र प्रदेश में कौशल विकास केंद्रों की स्थापना में कथित घोटाले से संबंधित एक मामले में पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को तत्काल राहत देने की उनकी गुहार ठुकराते हुए मंगलवार को कहा वह इस मामले से उच्च न्यायालय में पेश दस्तावेज प्राप्त राज्य सरकार से होने के बाद नौ अक्टूबर को इस पर विचार करेगा। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने श्री नायडू की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ताओं– वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे, ए एम सिंघवी और सिद्धार्थ लूथरा और आंध्र प्रदेश सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और रंजीत कुमार की दलीलें सुनने के बाद कहा कि वह इस मामले में सोमवार को विचार करेगी।

### उप्र सरकार जल्द शुरू कराए जातीय जनगणना : मायावती

**लखनऊ, एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को बिहार सरकार द्वारा कराए गए जातीय जनगणना के मामले में अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार को अब अपनी नीयत व नीति में जन भावना व जन अपेक्षा के अनुसार सुधार कर जातीय जनगणना अविलम्ब शुरू करा देना चाहिए। बसपा मुखिया मायावती ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि बिहार सरकार द्वारा कराए गए जातीय जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक होने की खबरें आज काफी सुर्खियों में हैं तथा उस पर गहन चर्चाएं जारी हैं। कुछ पार्टियाँ इससे असहज ज़रूर हैं किन्तु बीएसपी के लिए ओबीसी के संवैधानिक हक के लम्बे संघर्ष की यह पहली सीढ़ी है।

### दुश्मन की प्रौद्योगिकी का मुकाबला करने को तैयार : वायु सेना प्रमुख

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वायु सेना प्रमुख वी आर चौधरी ने आज कहा कि पाकिस्तान और चीन के बीच सैन्य गठजोड़ का भारत को अच्छी तरह से पता है और वह प्रौद्योगिकी का मुकाबला प्रौद्योगिकी से तथा ताकत का मुकाबला प्रशिक्षण और रण कौशल के बल पर मजबूती से करने को पूरी तरह तैयार है। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने 91 वें वायु सेना स्थापना दिवस 8 अक्टूबर से पहले मंगलवार को यहां वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में कहा कि हमारे क्षेत्र में अस्थिर तथा अनिश्चित भू राजनैतिक स्थिति को देखते हुए मजबूत तथा विश्वसनीय सेना समय की जरूरत है।

### तेलंगाना में तहसीलदार से 4.56 करोड़ की संपत्ति जब्त

**हैदराबाद, एजेंसी।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने तेलंगाना में एक तहसीलदार से 2.07 करोड़ रुपए की नकद राशि सहित 4,56,66,660 रुपए की संपत्ति बरामद की है। एसीबी की मंगलवार को बताया कि प्लॉट नंबर 16, मकान नंबर 8–7–55/ए/16 में रहने वाले नलगोंडा जिले के मैरीगुडेम मंडल के तहसीलदार मंचिरेड्डी महेंद्र रेड्डी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया है।

### बिहार में न्यायिक सेवा में ईडब्ल्यूएस को आरक्षण

**पटना, देशबन्धु।** बिहार सरकार ने न्यायिक सेवा में आर्थिक रूप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) वर्ग के अभ्यर्थियों को आरक्षण देने का निर्णय लिया है। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने मंगलवार को यहां बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

डॉ.सिद्धार्थ ने बताया कि बिहार में पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों तथा शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए राज्य न्यायिक सेवा में आरक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बिहार उच्च न्याय सेवा नियमावली, 1951 एवं बिहार असैनिक सेवा (न्याय शाखा) (भर्ती) नियमावली, 1955 में संशोधन अपेक्षित है। उन्होंने बताया कि सरकार ने इस संबंध में पटना उच्च न्यायालय के महानिबंधक की अनुशंसा के आलोक में बिहार उच्च न्याय सेवा नियमावली, 2023 एवं बिहार असैनिक सेवा (न्याय शाखा) (भर्ती) नियमावली, 2023 प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।

चीन के समर्थन में प्रचार का आरोप : पत्रकारों से घंटों की गई पूछताछ, 30 से ज्यादा स्थानों पर छापे

# दिल्ली में न्यूजक्लिक का दफ्तर सील



▪ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने की पूछताछ
▪ उर्मिलेश, औनिंद्यो, अभिसार, परंजय गुहा शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल के अधिकारियों ने यहां के 'न्यूजक्लिक' कार्यालय को सील कर दिया और पत्रकार उर्मिलेश, औनिंद्यो चक्रवर्ती, अभिसार शर्मा, परंजय गुहा ठाकुरता समेत इतिहासकार सोहेल हाशमी से घंटों तक पूछताछ की, लेकिन शाम को उन्हें रिहा कर दिया।

सूत्रों के अनुसार, लोधी कॉलोनी में स्पेशल सेल पुलिस स्टेशन में पूछताछ के दौरान पुलिस ने उन्हें 25 सवालों की सूची सौंपी, जिसमें विभिन्न विषय, जैसे उनकी अंतर्राष्ट्रीय यात्राएं, दिल्ली के शाहीनबाग में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शन व किसान आंदोलन में भागीदारी वगैरह शामिल थे। मुख्य रूप से दिल्ली–एनसीआर क्षेत्र पर केंद्रित तलाशी के दौरान फिलहाल कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। एक अन्य घटनाक्रम में, संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ को फोरेंसिक टीम की मौजूदगी में पोर्टल के दक्षिणी दिल्ली कार्यालय में लाया गया। सूत्र बताते हैं कि न्यूजक्लिक से जुड़े विभिन्न स्थानों पर तलाशी 17 अगस्त को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153 ए (शत्रुता को बढ़ावा देना) और धारा 120बी (आपराधिक साजिश) सहित अन्य धाराओं के ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### कांग्रेस ने बताया, ध्यान बंटाने की कोशिश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि बिहार में जाति जनगणना के आंकड़े सामने आने के बाद अब देश में यह मांग जोर पकड़ने लगी है और इस चौंकाने वाले आंकड़े ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नींद उड़ा दी है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा, कल जब से बिहार के जाति जनगणना के चौंका देने वाले आंकड़े सामने आए हैं, पूरे देश में जाति जनगणना की माँग ज़ोर पकड़ रही है। मोदी साहिब की नींद उड़ी हुई है। जब पाठ्यक्रम के बाहर का कोई सवाल खड़ा हो जाता है तो मोदी जी के पाठ्यक्रम का एक देखा भाला अस्त्र बाहर ले आया जाता है – मुद्दे से लोगों का ध्यान बंटाने का अस्त्र।' उन्होंने कहा आज सुबह से न्यूजक्लिक के योगदानकर्ता पत्रकारों के खिलाफ हो रही कार्रवाई इसी पाठ्यक्रम का हिस्सा है।

### प्रेस क्लब ऑफ इंडिया ने जताई चिंता

प्रेस क्लब ऑफ इंडिया (पीसीआई) ने एक्स के जरिए कहा कि वह न्यूजक्लिक से जुड़े पत्रकारों एवं लेखकों के घरों पर छापेमारी को लेकर बहुत चिंतित है। उसने कहा, ''प्रेस क्लब ऑफ इंडिया न्यूजक्लिक से जुड़े पत्रकारों और लेखकों के घरों पर की गई छापेमारी से बेहद चिंतित हैद्ध हम घटनाक्रम पर नजर रखे हुए हैं।



छापे हारती हुई भाजपा की निशानी हैं। ये कोई नयी बात नहीं है। ईमानदार खबरनवीसों पर भाजपाई हुक्मरानों ने हमेशा डाले हैं छापे, लेकिन सरकारी प्रचार–प्रसार के नाम पर कितने करोड़ रुपए हर महीने 'मित्र चैनलों' को दिए जा रहे हैं, ये भी तो कोई छापे : **अखिलेश यादव, सपा अध्यक्ष**



भारत सरकार दावा करती है कि भारत लोकतंत्र की जननी है और यह विदेशों में प्रेस की स्वतंत्रता की बात करती है, लेकिन उसी पल वह मुट्ठी भर बचे स्वतंत्र मीडिया संस्थानों पर कार्रवाई करने के लिए सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग करती है : **महूबबा मुफ्ती, पीडीपी प्रमुख**

मेट्रो रेल के ट्रायल रन का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ, कहा–

# सीहोर, मंडीदीप, विदिशा और रायसेन तक चलाई जाएगी मेट्रो



**भोपाल, देशबन्धु।** मेट्रो ट्रेन सिर्फ भोपाल तक ही सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसका विस्तार करते हुए इसे सीहोर, मण्डीदीप के साथ–साथ रायसेन और विदिशा तक चलाया जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल मेट्रो रेल के ट्रायल रन के शुभारंभ अवसर पर कही। उन्होंने यहां सुभाष नगर डिपो से हरी झण्डी दिखाकर मेट्रो ट्रायल रन कर शुभारंभ किया, वहीं उन्होंने मेट्रो रेल में सुभाष नगर स्टेशन से रानी कमलापति स्टेशन तक सफर कर जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने सुभाष नगर डिपो से रानी कमलापति स्टेशन मेट्रो रेल में बैठकर आए। जनप्रतिनिधि, युवा, अधिकारीगण साथ थे। श्री चौहान ने मेट्रो रेल से आस–पास के क्षेत्र तथा जारी निर्माण प्रक्रिया को भी देखा और सहयात्री युवाओं तथा जन–प्रतिनिधियों से बात भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेट्रो से भोपाल और अधिक सुंदर दिखाई दे रहा है। जन–प्रतिनिधियों ने मेट्रो रेल को भोपाल के लिए महत्वपूर्ण और उपयोगी सौगात बताया।

श्री चौहान ने कहा कि भोपाल में मेट्रो आरंभ होने के साथ ही हमारा तांगे वाला भोपाल अब मेट्रो रेल वाला भोपाल हो गया है। मेट्रो रेल भोपाल में परिवहन की नई क्रांति लाएगी, और विकास पथ पर भोपाल तीव्रगति से दौड़ेगा। उन्होंने कहा कि मेट्रो ट्रेन से समय और पैसा दोनों की बचत होगी। भोपाल वासियों को सुरक्षित–सुगम–सुविधापूर्ण सस्ता और सुंदर परिवहन का साधन उपलब्ध होगा, और शहर का प्रदूषण भी कम होगा। अत्याधुनिक सुविधाओं से संपन्न मेट्रो के कोच में स्मार्ट लाईटिंग, एयर कडिंशन्स, स्मार्ट डिस्पले, एआई सी.सी. टी.वी. कैमरे आदि की सुविधा होगी। लगभग 6 हजार 941 करोड़ की भोपाल मेट्रो परियोजना कुल लम्बाई 31 किलोमीटर होगी, करोंद चौराहे से एम्स तक 16.77 किलोमीटर, रत्नागिरि तिराहे से भदभदा चौराहे तक 14.18 किलोमीटर पर यह रेल चलेगी। पहले चरण में सुभाष नगर एम्स तक 7 किलोमीटर लम्बे रूट पर मेट्रो ट्रेन का संचालन होगा। भोपाल मेट्रो ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### 5 किलोमीटर में 5 स्टेशन

उल्लेखनीय है कि सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक के 5 किलोमीटर लंबे मेट्रो के भाग में 5 स्टेशन हैं, जिनकी आधारभूत संरचनाओं का काम प्राकृतिक बाधाओं के बावजूद बहुत तेजी से पूरा किया गया। नौ किलोमीटर के ट्रेक बिछाने का कार्य पांच माह में पूर्ण किया गया। मात्र 90 दिन में पटरियों के साथ चलने वाली ट्रेक्शन थर्ड रेल तथा 7 टर्नआउट्स का विद्युतीकरण भी किया गया और केवल 60 दिनों में 5 लिफ्ट और 4 एस्केलेटर लगाए गए हैं।

### भोपाल मेट्रो पर लघु फिल्म का हुआ प्रदर्शन

कार्यक्रम में भोपाल मेट्रो के निर्माण, उनमें दी जाने वाली सुविधाओं और सुरक्षा के प्रावधानों पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई ने मुख्यमंत्री को मेट्रो ट्रेन की प्रतिकृति स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की। 'ये मैं हूँ, ये मेरा भोपाल है, और यह हमारी मेट्रो है'

## एशियाई खेल : अन्नू रानी ने भाला फेंक में जीता सोना



**हांगझोउ, एजेंसी।** पारुल चौधरी के बाद अन्नू रानी ने भी इतिहास रच दिया है। एशियाड की महिलाओं की भाला–फेंक स्पर्धा में अन्नू ने स्वर्ण जीता है। अपने चौथे प्रयास में सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए उन्होंने 62.92 मीटर भाला फेंका।

**पारुल 5000 मीटर दौड़ में रही अव्वल** : हांगझोउ। भारत की पारुल चौधरी ने महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में स्वर्ण जीता है। यह एशियाई खेलों में महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में भारत का पहला स्वर्ण है। इससे पहले कभी ऐसा नहीं हुआ है।

भारत ने कनाडा को दिया बड़ा झटका

## 40 राजनयिकों को वापस बुलाने को कहा

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कनाडा और भारत के बीच खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कड़वाहट बढ़ती जा रही है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद से भारत भी लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में अब भारत ने कनाडा से कहा है कि वह अपने 40 राजनयिकों को 10 अक्टूबर तक भारत से वापस बुला ले। साथ ही चेतावनी दी कि अगर तय समय में उन्हें वापस नहीं बुलाया गया तो उनकी राजनयिक छूट खत्म कर दी जाएगी।

**निज्जर के मामले में दोनों में कड़वाहट बढ़ी**

बता दें कि प्रधानमंत्री ट्रूडो द्वारा आतंकी निज्जर की हत्या में भारत का नाम लेने और एक भारतीय अधिकारी को वापस भेजे जाने के बाद अब भारत ने कनाडा के खिलाफ अपना रुख कड़ा कर लिया है। भारत ने साफ कर दिया हैकि कनाडा अपने 40 राजनयिकों को वापस बुलाए और उतने ही राजनयिक भारत में तैनात करें,जितने उसके यहां भारत के राजनयिक मौजूद हैं। फिलहाल इस रिपोर्ट के बाद अभी तक दोनों देशो की तरफ से कोई बयान नहीं आया है। उल्लेखनीय हैकि कनाडा ने अपने उच्चायोग में 62 राजनयिक तैनात कर रखे हैं और उसका कहना हैकि 13 लाख की तादात में कनाडा में रह रहे भारतीय मूल के लोगों को देखते हुए यह जरूरी है। इससे उन्हें काउंसलर सुविधा मिलने में आसानी होती है। लेकिन 40 राजनयिकों के वापस जाने पर यह संख्या 22 हो जाएगी।इससे पहले भारत ने ट्रूडो के आरोपों के चलते कनाडा के लोगों के लिए वीजा पर रोक लगा दिया था। भारत की इस कार्रवाई के बाद अब दोनों देशों के रिश्ते और भी खराब हो सकते हैँ। वहीं भारत की लगातार मांग के बावजूद आतंकी निज्जर की हत्या में भारत का हाथ होने का अभी तक कनाडा कोई सबूत नहीं दे सका है। इससे पहले ट्रूडों ने दावा किया थाकि निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंसी का हाथ है। हाल ही अमेरिका गए भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर कनाडा के इन आरोपों को सिरे से नकार चुके हैं।

नेपाल था केंद्र, रिक्टर स्केल पर 4.6 रही तीव्रता

## दिल्ली-एनसीआर में लगे भूकंप के झटके

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली–एनसीआर, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान समेत मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में मंगलवार दोपहर 2.53 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.6 रही। इसका केंद्र नेपाल के बझांग जिले में था।

बताया जा रहा है कि नेपाल में दो बार भूकंप आया। पहला 2.25 बजे, जिसकी तीव्रता 4.6 थी। दूसरा झटका 2.53 बजे आया जिसकी तीव्रता 6.2 रहीं। उत्तर प्रदेश में भी झटके महसूस किए गए। इसकी तीव्रता 5.5 मापी गई। यूपी के लखनऊ, कानपुर, आगरा, नोएडा, मेरठ, मुरादाबाद, गाजियाबाद, अयोध्या, अलीगढ़, हापुड़, अमरोहा में भूकंप के झटके महसूस किए गए। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में भी झटके आए। राजस्थान के जयपुर, अलवर में करीब 6 से 7 सेकेंड में तीन–चार झटके महसूस किए गए। हरियाणा में मंगलवार को एक दिन में दूसरी बार भूकंप आया। पानीपत, रोहतक, जींद, रेवाड़ी और चंडीगढ़ में दोपहर 2:50 बजे झटके महसूस किए गए। इससे अफरा–तफरी मच गई। लोग घरों से बाहर निकल आए। इससे पहले आज सुबह सोनीपत में 2.7 तीव्रता का भूकंप रिकॉर्ड किया गया था। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक मंगलवार सुबह 11.06 सेकेंड पर भूकंप आया। भूकंप का केंद्र सोनीपत बताया जा रहा है।

पियरे एगोस्टिनी, फेरेंक क्रॉस्ज व ऐनी एल हुइलियर को पुरस्कार के लिए चुना

## 3 वैज्ञानिकों को भौतिकी का नोबेल पुरस्कार



**स्टॉकहोम, एजेंसी।** भौतिकी में 2023 का नोबेल पुरस्कार पियरे एगोस्टिनी, फेरेंक क्रॉस्ज और ऐनी एल हुइलियर को प्रदान किया गया है। पदार्थ में इलेक्ट्रॉनों की गतिशीलता का अध्ययन करने के तरीके विकसित करने के लिए इन वैज्ञानिकों को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया है।

नोबेल समिति ने मंगलवार को यह जानकारी दी। नोबेल समिति ने एक्स पर कहा, रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने पदार्थ में इलेक्ट्रॉन गतिशीलता के अध्ययन के लिए प्रकाश के एटोसेकंड पल्स उत्पन्न करने वाले प्रयोगात्मक तरीकों के ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

एडीआर ने ताजा रिपार्ट में दी जानकारी

## 107 सांसदों, विधायकों के खिलाफ भड़काऊ भाषण के मामले हैं दर्ज

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** भारत में इस समय 107 मौजूदा सांसदों व विधायकों के खिलाफ भड़काऊ भाषण के मामले दर्ज हैं। यह जानकारी एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) की ताजा रिपार्ट में दी गई है।

सांसदों व विधायकों के चुनावी हलफनामे के आधार पर तैयार की गई रिपोर्ट में कहा गया हैकि 33 मौजूदा सांसदों के खिलाफ इस तरह के मामले दर्ज हैं। इसमें से 66 फीसदी यानि 22 सांसद अकेले भाजपा के हैं। जबकि दो सांसद कांग्रेस पार्टी के, एक निर्दलीय व एक–एक सांसद आठ क्षेत्रीय पार्टियों के हैं। वहीं राज्यवार बात की जाए तो सात सांसद उत्तर प्रदेश, चार सांसद तमिलानाडु,तीन बिहार, तीन कर्नाटक व तीन तेलंगाना, दो असम, दो गुजरात, दो महाराष्ट्र, दो पश्चिम बंगाल, एक झारखंड, एक मध्यप्रदेश, एक केरल, एक पंजाब व एक ओडिशा से हैं। वहीं पूरे देश में 76 मौजूदा विधायकों के खिलाफ भी हेट स्पीच के मामले दर्ज हुए हैं। इनमें भी सबसे ज्यादा बीस विधायक भाजपा से हैं। जबकि तेरह विधायक कांग्रेस, छह विधायक आम आदमी पार्टी, पांच समाजवादी पार्टी, पांच वाईएसआर कांग्रेस और शेष अन्य दलों के हैं। राज्यवार नौ विधायक बिहार,नौ उत्तरप्रदेश,छह आंध्र प्रदेश, छह तेलंगाना, पांच असम,पांच तमिलनाडु,चार दिल्ली, चार गुजरात, चार पश्चिम बंगाल और बाकी एक–एक अन्य राज्यों से हैं। रिपोर्ट में इस बात की भी जानकारी दी गई है कि बीते पांच सालों में इस तरह के हेट स्पीच देने वाले कम से कम 480 उम्मीदवारों ने संसद और विधानसभा चुनावों में हिस्सा लिया।

## कोविड के बाद युवाओं में ह्दयघात के मामलों में बढ़ोतरी

**राजकोट, एजेंसी।** राजकोट में युवाओं में दिल का दौरा पड़ने के मामलों में वृद्धि होने से चिंता अधिक बढ़ गई है। यहां पर बीते 24 घंटों में 5 और लोगों की दुखद मौतें हुई हैं। बढ़ती संख्या स्वास्थ्य पेशेवरों और समुदाय के लिए चिंता का विषय है। राजकोट के पास खोखद्दल कस्बे के निवासी 34 वर्षीय राशिद खान को सोमवार सुबह बेहोश पाया गया। खान को तत्काल राजकोट सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने कहा कि दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हुई है। राशिद खान, मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। वह एक मजदूर के रूप में काम करता था और 8 भाई–बहनों में सबसे छोटा था। वरिष्ठ ह्दय रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश राज ने युवा व्यक्तियों में, विशेष रूप से कोविड के बाद, दिल के दौरे के बढ़ते मामलों के बारे में चिंता जताई। उन्होंने महामारी और इस खतरनाक प्रवृत्ति के बीच एक संभावित संबंध का सुझाव दिया। डॉक्टर ने कहा कि तनावपूर्ण लाइफस्टाइल के कारण हाई ब्लड प्रेशर युवाओं में बढ़ रहा है। इसी तरह, 21 वर्षीय धारा परमार बेहोश हो गईं और उनके आवास पर संदिग्ध ह्दय गति रुकने से उनकी मौत हो गई। वहीं, जीआईडीसी मेटोडा में एक फैक्ट्री में रसोइया के रूप में कार्यरत 30 वर्षीय विजय संकेत भी बेहोश हो गए और उनकी मौत हो गई। मौत का कारण दिल का दौरा माना जा रहा है। एक अन्य घटना में, राजकोट के बाहरी इलाके कोठारिया शहर के निवासी 45 वर्षीय राजेश को 2 अक्टूबर को सुबह 10 बजे के आसपास अपने खेत में अचानक दिल का दौरा पड़ा।

**राजकोट में 24 घंटों में 5 और लोगों की मौत**

राजकोट सिविल अस्पताल पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। राजकोट के एक आवासीय अपार्टमेंट में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करने वाले नेपाल के 35 वर्षीय निवासी ललित परिहार घर पर दुखद रूप से गिर गए और माना जाता है कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही दिल का दौरा पड़ने से उनकी मृत्यु हो गई।

## भूपेन्द्र सिंह ने किया नवीन स्ट्रीट लाइट एवं मार्ग चौड़ीकरण का लोकार्पण



**रजवांस, देशबन्धु।** बरोदियाकलां के रजवांस में आयोजित समारोह में मंत्री भूपेंद्र सिंह के पहुंचने पर सभी ग्रामवासियों ने उनका स्वागत वंदन किया। मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने रजवांस में नवीन स्ट्रीट लाईट 1 करोड़, सड़क चौड़ीकरण 70 लाख का लोकार्पण एवं मुख्य मार्ग पर डिवाइडर 37 लाख लागत का भूमिपूजन किया। इस प्रकार कुल राशि 2 करोड़ 7 लाख रुपए की लागत के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन रजवांस में किया गया। मंत्री श्री सिंह ने बताया कि ग्राम में दस करोड़ के विकास कार्य हो चुके हैं। जिसमें 575 आवास, 489 पट्टे, 7000 लाड़ली बहना, 61 लोगों को रसोई गैस के पैसे मिल रहे हैं।

## कोरोना काल में आपने अपनी जान की परवाह किये बिना किया अद्वितीय कार्यः गोविंद सिंह राजपूत



**सागर, देशबन्धु।** कोरोना जैसी भयाभय महामारी में आपने अपनी जान की परवाह किये बिना गांव गांव में काम किया है। आपके इस अद्वितीय कार्य की हम और हमारी सरकार सराहना करती है। बच्चों की देखभाल करना उन्हें कुपोषण जैसी बीमारी से बचाना और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की देखरेख करना चुनौतीपूर्ण काम है, जो आप पूरी तन्मयता के साथ कर रहीं हैं। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर काम करते समय आपकी भी अपनी समस्यायें होती हैं। इन समस्याओं की चिंता मैं और सरकार समय समय पर करती आई है। सरकार ने आपकी मांगों पर विचार करके वेतन बढ़ाया है, आगे भी सुविधायें बढ़ेगी। यह बात मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुरखी विधानसभा क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, आशा कार्यकर्ता, मिनी कार्यकर्ता के स्नेह सम्मेलन में कही। कार्यक्रम में मंत्री राजपूत व जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष सविता सिंह राजपूत ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर पुष्प वर्षा कर सम्मान किया। सविता सिंह राजपूत ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के हर घर में एक तुलसाना होता है, जिसमें तुलसी का पौधा लगा रहता है, जिसकी हम बच्चों की तरह देखभाल करते हैं। तुलसी हम पर कृपा करती हैं और हम स्वस्थ रहते हैं। उसी तरह आप अपने आंगनबाड़ी केंद्र में 0 से 6 साल तक के बच्चो और उनकी माताओं की देखभाल तुलसी की तरह करती हैं। इसलिए मैं आपको कहती हूं कि आप हमारे आंगनबाड़ी केन्द्रों की तुलसी हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि सरकार ने लाड़ली बहना के रूप में आपको खिताब दिया है। हर बहन की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए सरकार 1250 रूपये प्रतिमाह दे रही है। यह राशि आगे जाकर 3000 तक पहुंचेगी। जिला महिला बाल विकास अधिकारी बृजेश त्रिपाठी ने सुरखी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे आंगनबाड़ी केन्द्रों का लेखा जोखा विस्तार पूर्वक बताया। सम्मेलन में विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता, मिनी कार्यकर्ता मौजूद थीं।

## सार-समाचार

### सर्व सुविधायुक्त सुराज कॉलोनी प्रदेश में होगी मॉडलः भूपेन्द्र सिंह

**सागर, देशबन्धु।** अतिक्रमणकर्ताओं से अतिक्रमण से मुक्त कराई गई शासकीय भूमि पर सर्व सुविधायुक्त सुराज कॉलोनी बनाई जाएगी। जिसमें गरीब व्यक्तियों को मकान प्रदान किए जाएंगे। यह सुराज कॉलोनी प्रदेश की मॉडल कॉलोनी में शामिल होगी। मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बताया कि मप्र शासन के निर्देशानुसार शासकीय भूमि पर से हटाए गए अतिक्रमण की भूमि को सुरक्षित करते हुए गरीब व्यक्तियों के लिए सुराज कॉलोनी के माध्यम से मकान उपलब्ध कराए जाएंगे। मप्र शासन की योजना है कि कोई भी व्यक्ति आवास हीन नहीं रहेगा, चाहे वह कितना ही गरीब क्यों न हो। इसी योजना के तहत खुरई की अत्यंत गरीब व्यक्तियों को सर्व सुविधायुक्त कॉलोनी सुराज कॉलोनी के नाम से तैयार की जा रही है जिसमें 60 मकान बनाए जाएंगे। सुराज कॉलोनी में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाएगी। बनने वाले मकान भूतल और प्रथम तल दो मंजिला मकान होंगे, जिसमें ड्राइंग रूम, बैडरूम, किचन, लेट, बाथ, टेरेस तैयार की जाएगी। यह कॉलोनी लगभग 13 करोड़ रुपए से अधिक की राशि से तैयार की जा रही है।

### सांप के डसने मजदूर की मौत

**खुरई, देशबन्धु।** बिसराई गांव में फसल काटने आए एक मजदूर की सांप के डसने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक मुन्ना पिता शोभाराम आदिवासी 60 निवासी कारीपाथर जिला कटनी जो अपने साथियों के साथ फसल काटने के लिए खुरई के बिसराई गांव आया हुआ था। खेत में सोते समय उसे सांप ने डस लिया। इसके बाद उसे खुरई सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### शराब के नशे में युवक ने सल्फास की गोली खाई

**बीना, देशबन्धु।** भानगढ़ थाना क्षेत्र के ढाड गांव में शराब के नशे में एक युवक ने सल्फास की गोली खा ली। जिसे जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक राहुल पिता प्रेमसिंह यादव 25 निवासी ढाड ने सल्फास की गोली खा ली। परिजन तत्काल उसे बीना सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल सागर रेफर कर दिया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक के चाचा राकेश यादव ने बताया कि उसके भतीजे ने शराब के नशे में सल्फास की गोली खा ली थी। उसकी तबीयत बिगड़ने पर उसे तत्काल बीना सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार की बात उसे जिला चिकित्सालय सागर रेफर कर दिया गया लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। खुरई सिविल अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर संतोष तिवारी, ऊषा किरण चौबे एवं मणिकांत चौबे का सम्मान



**सागर, देशबन्धु।** पं. दीनदयाल उपाध्याय शास.कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. संजीव दुबे के मार्गदर्शन में स्वीप की गतिविधियों के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर संतोष तिवारी, ऊषा किरण चौबे एवं मणिकांत चौबे का सम्मान किया गया। संयोजक डॉ. सरोज गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया। प्राचार्य ने पुष्पहार एवं शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मान करते हुए कहा कि वृद्ध माली की तरह होते हैं जो परिवार के सदस्यों को पौधों के समान सहेजते, संरक्षित करके आनंदित होते हैं। आज संस्कारित जीवन शैली की बहुत आवश्यकता है यह हमें आधुनिक और पाश्चात्य संस्कृति के बीच हमारे दायित्वों को भूलने नहीं देती। आजकल की सोच के अनुसार माता पिता संसार के समस्त सुखों का भोग करें और अपने जीवन को पूर्णता करें वृद्धावस्था अपने परम सुख अनुभूति की अवस्था है। सरकार द्वारा भी वृद्धजनों को सम्मानित करने के साथ उनके मेडिकल परीक्षण, पौष्टिक और सुपाच्य आहार, उम्र के अनुसार शारीरिक श्रम और मानसिक विकास के विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर संतोष तिवारी ने अपने जीवन के विविध पहलुओं, संघर्षों को बताते हुए घर परिवार समाज राष्ट्र की प्राथमिकताओं पर चर्चा की। आप अनाथालय जैसी अनेक संस्थाओं में सक्रिय हैं। वरिष्ठ साहित्यकार मणिकांत चौबे व ऊषा किरण ने भी अपने जीवन की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. रंजना मिश्रा, डॉ. इमराना सिद्दीकी, डॉ. मधु स्थापक, डॉ. गोपा जैन, डॉ. विमला सिंह, डॉ. निशा सूर्यवंशी, चन्दन सिंह अहिरवार, बसुन्धरा गुप्ता, सबीहा तावीर आदि बड़ी संख्या में महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

## सरोज सिंह ने 6 वार्डो 1504 हितग्राहियों को दिए मुख्यमंत्री भू.अधिकार के पट्टे



**मालथौन, देशबन्धु।** जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज सिंह ने मालथौन के छह वार्डों में 1504 हितग्राहियों को मुख्यमंत्री भू.अधिकार पत्र वितरित किए। उन्होंने वार्ड क्र. 8 में 273, वार्ड क्र. 1 में 435, वार्ड क्र. 6 में 250, वार्ड क्र. 9 एवं 12 अंडेला में 302 एवं वार्ड क्र. 11 बेसरा में 244 हितग्राहियों को योजना के तहत लाभ दिया। इस अवसर पर सरोज सिंह ने कहा कि मंत्री भूपेन्द्र सिंह के प्रयासों से खुरई विधानसभा क्षेत्र के हर जरूरतमंद व्यक्ति को इस योजना का लाभ मिल रहा है। जिनके पास खुद की जमीन नहीं थी, आवास नहीं था उनको मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने प्रयास कर मालिकाना हक के पट्टे दिलाने का काम किया है।

## सेवा संकल्प के साथ मनाया गया है वैश्य दिवस



**सागर, देशबन्धु।** 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर सागर सहित पूरे प्रदेश में वैश्य दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर नगर के सभी 48 वार्डों में गठित वार्ड स्तरीय टीमों के द्वारा स्वच्छता अभियान को चलाकर गांधी जी के जीवन चरित्र को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया गया। युवा महामंत्री सचिन जैन स्पोर्ट्स द्वारा कार्य योजना बनाई गई। जिसका संचालन युवा जिला अध्यक्ष नितिन जैन एवं युवा जिला प्रभारी विकास केसरवानी के द्वारा किया गया। इन गठित टीमों के द्वारा स्वच्छता कार्य उपरांत घर-घर जाकर जागरण अभियान चलाया एवं वार्ड वासियों को जीवन में स्वच्छता के महत्व को समझाया। जिला कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता जिला अध्यक्ष निकेश गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज का मूल भाव वैश्यत्व है, जिसको सेवा के संकल्प से ही पूर्ण किया जा सकता है। समाज के सभी वर्गों का बिना किसी भेदभाव के पोषण करना ही हमारा लक्ष्य है। इस मार्ग पर चलकर सभी के उत्थान के साथ-साथ हम स्वयं भी परमानंद को प्राप्त कर सकते हैं। हमें गांधी जी के जीवन चरित्र को अपने जीवन में उतरना चाहिए। संगोष्ठी उपरांत जिला चिकित्सालय में मरीज के लिए फल वितरण किया गया एवं सभी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। आयोजन ने प्रमुख रूप से रोहिणी साहू, संध्या केसरवानी, नीता केसरवानी, नमन जैन, शुभम राय, अनिकेत जैन, सुनील लोहरी, संजू जैन, रामेश्वर सोनी सहित बड़ी संख्या मैं युवाओं ने भाग लिया।

## नव विवाहिता ने डबरी में कूदकर जान दी

**खुरई, देशबन्धु।** खुरई देहात थाना क्षेत्र के नरोदा गांव में फसल काटने को लेकर पति-पत्नी में विवाद हुआ और पत्नी ने डबरी में कूदकर अपनी जान दे दी। जानकारी के मुताबिक भागवती पति नवनीत राम कुशवाहा 25 का अपने पति से फसल काटने को लेकर विवाद हो गया। पति का कहना था कि वह दूसरे के यहां मजदूरी करता है। मालिक की फसल कटकर दो दिन बाद मिलकर फसल काट लेंगे या हार्वेस्टर से कटवा लेंगे। लेकिन पत्नी ने जिद पकड़ ली कि वह काम छोड़कर पहले अपनी फसल काट ले, पति नहीं माना तो घर के पास ही बनी डबरी में पत्नी ने कूदकर अपनी जान दे दी। मामले में मृतका की मां कलाबाई का कहना है कि मेरी बेटी तैरना जानती थी, वह पानी में डूब नहीं सकती। जब भी मेरी लड़की मायके में आती तो दामाद मारपीट करके अपने साथ जबरदस्ती ले जाता था। मायके पक्ष के लोगों ने लापरवाही और प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 304 अग्निवीरों ने सफलता पूर्वक अपना प्रशिक्षण पूरा किया



**सागर, देशबन्धु।** ब्रिगेडियर आई एस भल्ला, विशिष्ट सेवा मेडल, कमांडेंट महार रेजिमेंट केंद्र द्वारा परेड की समीक्षा की गई। इस उल्लेखनीय पासिंग आउट परेड समारोह में एक महत्वपूर्ण अवसर सामने आया जिसमें 304 अग्निवीरों ने सफलता पूर्वक अपना प्रशिक्षण पूरा किया। इस कार्यक्रम को अंतिम पग की ओर उनके हृदयस्पर्शी धीमे मार्च द्वारा चिह्नित किया गया था। खुशी के माहौल के बीच यह उल्लेखनीय था कि पिछले कोर्स के दो अग्निवीरों ने समारोह में मार्चिंग धुनें बजाईं, जिससे संगठन के भीतर ज्ञान और सौहार्द की स्थायी विरासत का प्रदर्शन हुआ। हालांकि इस घटना का महत्व इससे भी आगे बढ़ गया। यह दृढ़ता और समर्पण का उत्सव था, क्योंकि महाराष्ट्र के दो सगे भाइयों ने अपनी प्रशिक्षण यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न की। उनकी संयुक्त उपलब्धि एकता की शक्ति और आज के युवाओं की अपनी मातृभूमि के प्रति साझा महत्वाकांक्षाओं और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इसके अलावा समारोह में कश्मीर के एक अग्निवीर को शामिल करने पर प्रकाश डाला गया। जिनके माता-पिता इस महत्वपूर्ण अवसर पर अपने बेटे के साथ शामिल होने के लिए पुंछ से आए थे, जिसमें विविधता के प्रति महार क्षेत्र की प्रतिबद्धता और चुनौतियों पर काबू पाने वाले व्यक्तियों को अवसर प्रदान करने पर जोर दिया गया था। इस पासिंग आउट परेड ने साझा गौरवशाली इतिहास में उपलब्धि, एकता, बहादुरी और गर्व की भावना को व्यक्त किया, जो महार रेजिमेंट के मूल मूल्यों को दर्शाता है। यह उत्कृष्टता की निरंतर खोज और प्रत्येक व्यक्ति की क्षमता में विश्वास का प्रमाण है। इस कार्यक्रम के बाद अग्निवीरों को गौरवान्वित करने वाले माता-पिता को गौरव पदक प्रदान किया गया, जो अग्निवीर के समर्थन के स्तंभ थे और राष्ट्र का गौरव हैं।

## नगर पालिका मकरोनिया क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन



**मकरोनिया, देशबन्धु।** नगर पालिका मकरोनिया क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन विधायक प्रदीप लारिया एवं नगर पालिका अध्यक्ष मिहिलाल अहिरवार के द्वारा किया। वार्ड क्र. 14 अवंती बाई वार्ड में सामुदायिक भवन का निर्माण अनुमानित लागत राशि 30 लाख, वार्ड क्रमांक 14 अवंती बाई वार्ड मे ट्रेंड्स शोरूम के बाजू में नाला कवरिंग एवं फिलिंग कार्य अनुमानित लागत 27.73 लाख रुपए, वार्ड क्र. 17 में मनोहर बाई धानक के निवास से हुकुम अहिरवार के मकान तक रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य अनुमानित लागत 05.34 लाख, वार्ड क्रमांक 17 कमलेश अहिरवार के घर से डॉ. बलवीर के निवास तक आरसीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य अनुमानित लागत 2.19 लाख, स्वीकृत हुई का भूमि पूजन विधायक प्रदीप लारिया एवं नगर पालिका मकरोनिया अध्यक्ष मिहिलाल अहिरवार के द्वारा सभी पार्षदों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर बलवंत सिंह ठाकुर, विवेक सक्सेना, हरलाल साहू, नवीन वर्मा, बाबूलाल रोहित, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रीता कैलासिया, उपयंत्री अमन जैन, नगर पालिका अधिकारी कर्मचारी एवं वार्डवासी उपस्थित रहे मंच का संचालन मधुकर जाटव ने किया एवं आभार गोकुल ठाकुर ने माना।

## अधिकारी कर्मचारियों को हेलमेट वितरित किए

**राहतगढ़, देशबन्धु।** जनपद पंचायत सभागृह में मंत्री प्रतिनिधि आकाशसिंह राजपूत ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं क्षेत्र के पटवारियो, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक आदि को हेलमेट वितरित किए। मंत्री पुत्र ने कहा कि आप सभी का क्षेत्र में रोजाना बाइक से आना जाना होता है। सुरक्षित जीवन के लिए हेलमेट जरूरी है। इस मौके पर अंत्योदय समिति अध्यक्ष पप्पू तिवारी, अमित राय, अरविंदसिंह राजपूत, अनिल श्रीवास्तव, आयुष श्रीवास्तव, अनुराग पाठक, सचिन घोषी, प्रियंक, सतीश, राहुल तिवारी, शैतान राजपूत, सुरेंद्र रघुवंशी, राहुल जैन, अमित, गोविंद चौबे, ओम मिश्रा, ओम चौरसिया, सीएमओ आरसी अहिरवार, सीईओ एसके प्रजापति, हेमराज कोरी सहित नप कर्मचारी, पटवारी, सचिव, रोजगार सहायक मौजूद थे।

## वर्णी जयंती पर जैन भ्रात संघ का 42 वां आयोजन, 17 मंडल शामिल



**सागर, देशबन्धु।** वर्णी जयंती के उपलक्ष्य में जैन भ्रात संघ द्वारा आयोजित आरती नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद शांतिनाथ शाखा प्रथम रही, जिसको रनिंग शील्ड प्रदान की गई। जैन भ्रात संघ के तत्वाधान में बीती रात कटरा नमक मंडी स्थित गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर प्रागंण में प्रतियोगिता का शुभारंभ झंकार ग्रुप के मंगलाचरण के साथ हुआ। संचालन अशोक पिड़रूआ, शिखर कोठिया, एमएल जैन ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्रबंध कारिणी कमेटी के मंत्री अशोक शाह ने आभार व्यक्त किया। निर्णायक मंडल में हरगोविंद विश्व, शिखरचंद शिखर, जगदीश सागर रहे। प्रतिभागी मंडलों को भी आयोजक द्वारा सम्मानित किया गया। आरती प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रदीप राधेंलिया ने किया। अध्यक्षता प्रदीप जैन खाद ने की। छायाचित्र के समक्ष मुकेश जैन ढाना, कपिल मलैया, प्रकाशचंद जैन, डॉ. राजेश जैन, अजित सराफ, नैवी जैन ने दीप प्रजवल्लन और अनावरण किया। प्रतियोगिता में 15 महिला मंडल और दो मंडल ने प्रदर्शन में प्रस्तुति दी।

### भगवान श्री शांतिनाथ की रथयात्रा निकाल कर मनाया क्षमावाणी पर्व

**बीना, देशबन्धु।** जैन समाज ने क्षमा वाणी पर्व मनाया और नगर में 1008 भगवान श्री शांतिनाथ की रथ यात्रा निकली गई। मुनि श्री सुब्रत सागर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में रथ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई। श्री शांति नाथ दिगंबर जैन मंदिर से श्रीजी की यात्रा प्रारंभ की गई और पुष्प विहार कॉलोनी से होते हुए स्टेशन रोड, गांधी तिराहा, महावीर चौक, खुरई रोड होते हुए शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंची। रथ यात्रा के दौरान घोड़े पर झंडा लिए लोग आगे आगे चल रहे थे। उसके बाद बग्गी में श्री जी का रथ चल रहा था। रथ यात्रा में महिलाओं ने गरबा नृत्य किया और भजन गाये वहीं पुरुष वर्ग श्री जी के सामने नाचते हुए भगवान जयकारे लगा रहे थे। रथ यात्रा के दौरान नगर में जैन समाज के द्वारा प्रत्येक घर के सामने श्रीजी की आरती उतारी गई व नारियल चढ़ाया, तिलक किया एवं यात्रा संपन्न के पश्चात शांतिनाथ मंदिर में सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। जैन समाज के सभी वर्गों ने बड़ी संख्या में एवं अन्य समाज के लोंगो ने हिस्सा लिया।

## कोरोना के मानसिक दबाव से राहत पहुंचाने के लिए साहित्य के माध्यम से किया प्रयासः मणीकांत चौबे

### काव्य संग्रह कोरोना का हुआ लोकार्पण



**सागर, देशबन्धु।** नगर के वरिष्ठ साहित्यकार मणीकांत चौबे बेलिहाज के जन्मोत्सव पर संस्कृत महाविद्यालय धर्मश्री के सभागार में बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच एवं श्यामलम् की सहभागिता से आयोजित कार्यक्रम में उनके नए काव्य संग्रह कोरोना का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर विमोचित काव्य संग्रह कोरोना के रचनाकार मणिकांत चौबे ने लेखकीय वक्तव्य में कहा कि जब देश और शहर कोरोना की दहशत में डूबा हुआ था, गंभीर बेचैनी का अनुभव कर रहा था तब की स्थिति में देश, समाज या आमजन को किस तरह सहयोग दिया जाए, सोचना ही बहुत कठिन कार्य था। ऐसे में मैंने बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच के अपने सहयोगियों के साथ विमर्श उपरांत निर्णय लिया कि लोक जनजागरण और लोगों को मानसिक दबाव से राहत पहुंचाने के लिए साहित्य के माध्यम से प्रयास किया जाए। विमोचित पुस्तक पर अपने समीक्षात्मक वक्तव्य में टीकाराम त्रिपाठी ने कहा कि मणीकांत की कलम में यथार्थ के साक्षात दर्शन होते हैं। संग्रह की विशेषता ही यही है। वरिष्ठ कवयित्री डॉ. चंचला दवे ने कहा कि मणिकांत चौबे की कविताएं, हमें हर समय सावधान रहने के लिए प्रेरित करती हैं। कोरोना काल में चौबे ने समाज हित में प्रहरी की भूमिका का निर्वाह किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में संस्कृत महाविद्यालय के अध्यक्ष ने सागर के साहित्य जगत को देश में उच्च स्थान पर प्रतिष्ठित करने में मणीकांत चौबे की भूमिका को सराहते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की। कार्यक्रम के अतिथियों में मंचासीन शुकदेव प्रसाद तिवारी, केके बख्शी, पूर्व विधायक सुनील जैन, लक्ष्मी नारायण चौरसिया, अशोक मिजाज, डॉ. गजाधर सागर, राजेंद्र दुबे कलाकार ने अपनी मंगल कामनाओं के साथ चौबे को बधाई दी। श्यामलम् अध्यक्ष उमाकान्त मिश्र ने मणीकांत चौबे के साहित्यिक अवदान पर प्रकाश डाला। बुंदेलखंड मंच के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. सीताराम श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर संस्कृत महाविद्यालय के छात्रों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## सार समाचार

### रामचरित मानस केवल रस ही नहीं रसधारा भी है

**छतरपुर, देशबन्धु।** रामचरितमानस बना बनाया रस है और इस रस को पान करने के लिये जो आये वो रसिक हैं। रामचरित मानस केवल रस ही नहीं रसधारा भी है, उक्त विचार महंत डॉ. प्रज्ञा भारती ने श्री रामकथा प्रिय मानस गंगा के तत्वावधान में रामचरित मानस प्रांगण में आयोजित श्री रामकथा प्रिय मानस गंगा समारोह के द्वितीय दिवस रामजन्म प्रसंग में व्यक्त किये। समारोह में अतिथि के रुप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंह तथा सीताराम ग्रुप ऑफ कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. विनोद रावत उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीदी माँ का पुष्पगुच्छों से स्वागत करते हुए उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। अतिथयों ने अपने उद्बोधन में समारोह की प्रशंसा करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

कथा के तृतीय दिवस दीदी माँ ने अपने श्रीमुख से कहा कि रावण के वंशज अभी मरे नहीं हैं, अभी भी इस जगत में घूम रहे हैं। आज से 9 लाख से अधिक वर्ष पहले प्रभु रामचन्द्र धरती पर आये। उन्होंने कहा कि आजादी हमें रामायण के महामंत्र से प्राप्त हुई थी। जीवन में दूसरे के सुखों को देखकर जो दुखी होते हैं, वे कभी सुखी नहीं रह सकते। अगर संसारी को स्वार्थ की चिंता है, तो संत को परमार्थ की चिंता होती है। तृतीय दिवस प्रभु के जनकपुर तक पहुँचने की कथा का सभी ने रसास्वादन किया।

# मां ने नाबालिग बेटी को मौत के घाट उतारा





**घुवारा, देशबन्धु।** पुलिस उपथाना के ग्राम पुतरीखेरा मे मां ने कुल्हाडी मार कर अपनी बेटी की हटाया कर दी। घटना की सूचना मिलते ही घुवारा पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर हर पहलू की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि सोमबार की देर शाम मुन्ना लाल अहिरवार की पत्नि ज्योति उम्र 35 वर्ष रोजना की तरह खाना खा कर अपने बच्चो के साथ सो गई तभी बेटी की मां उठी और 12 वर्षीय बेटी पर कुल्हाडी से गले पर करीब 5 बार प्रहार किये कुल्हाडी गलते ही बेटी चिल्लाने लगी तो वही पास मे सो रहे 10 वर्षीय बालक ने घटना को देख कर गांव की ओर दौडा और ग्रामवासियो को सूचना दी मौके मर ग्रामवसियो ने जाकर देखा तो नाबालिक किशोरी बुरी तरह से लहुलौहान अवस्था मे पडी थी जिसकी मौके पर पर ही मौत हो गई ।

घटना की जानकारी लगते ही पूरेगांव मे सनसनी का माहौल बन गया और लोगो की भीड एकत्रित हो गई घटना की जानकारी पुलिस उपथाना दी जिसपर तत्काल उपथाना प्रभारी बीरेन्द्र परस्ते ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे मे लेकर फरयादी बेटी के दादा के आवेदन पर हत्या का मामला 302 अपराध क्रं.229/23 दर्ज कर जांच शुरू कर दी वही शंका के आधार पर मां से पूछताछ शुरू कर दी तो शव को पीएम हेतु बडामलहरा भेज दिया जहां सुबह नाबालिग किशोरी के शव का पीएम होगा।

वही ग्रामवसियो के द्वारा बताया जा रहा है कि नाबालिक बेटी की मां मानसिक रूप से विक्षप्त है जिसके चलते मां से घटना को अंजाम दिया है वही बेटी का पिता मुन्ना लाल दिल्ली मे काम करने लिए गया है फिलहाल पुलिस घटना की हर पहलू से जांच कर रही है ।

### इनका कहना है

*जब इस सबंध मे उपथाना प्रभारी बीरेन्द्र परस्ते से बात हुई तो उनका कहना है कि नाबालिक किशोरी की धारथार हथियार से हत्या हुई मां को पूछताछ हेतु हिरासत मे लिया है हर पहलू पर जांच कर रहे।*

कलेक्टर से की शिकायत

# दूसरे गांव के लोगों को दे दिए पट्टे



**छतरपुर, देशबन्धु।** मंगलवार को मत्स्य उद्योग सहकारी समिति मर्यादित बृजपुरा के सदस्यों ने जनसुनवाई में आवेदन देते हुए बताया कि शासन के साथ समिति का अनुबंध होने के बावजूद कुछ राजनैतिक लोगों द्वारा उनके कार्य में विघ्न उत्पन्न किया जा रहा है जिसके चलते समिति के सदस्य परेशान हैं। कलेक्टर को विस्तार से अपनी समस्या बताकर समिति के सदस्यों ने समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

समिति के सदस्य संतोष रैकवार ने बताया कि मत्स्य उद्योग सहकारी समिति मर्यादित बृजपुरा में वंशानुगत मछुआ वर्ग के 60 परिवारों के सदस्य शामिल हैं और इन सभी परिवारों के भरण पोषण का जरिया एक मात्र साधन बूढ़ा जलाशय है। संतोष के मुताबिक समिति का गठन वर्ष 1981 में हुआ था और तभी से बूढ़ा जलाशय में समिति के सदस्य मछली पालन का कार्य करते आ रहे हैं। वर्ष 2020 में शासन ने बूढ़ा जलाशय को 10 वर्ष के लिए लीज पर समिति को दिया था और जिला पंचायत छतरपुर तथा समिति के मध्य शासन के नियमनुसार अनुबंध हुआ था, जिसकी वर्षीक पट्टा राशि हर वर्ष समिति द्वारा जिला पंचायत छतरपुर में जमा की जा रही है। अनुबंध के अनुसार उक्त पट्टा 2030 तक समिति के पास रहेगा और इसका रिकॉर्ड जिला पंचायत छतरपुर तथा मत्स्य विभाग छतरपुर के पास है। संतोष सहित समिति के अन्य सदस्यों का आरोप है कि वर्ष 2016 में ग्राम बूढ़ा रामगढ़ के सरपंच सुंदर पटेल, और एडीएफ पन्ना बीके सक्सेना ने राजनैतिक प्रभाव से शासन को गुमराह करते हुए अनुसुचित जाति वर्ग के लोगों की मत्स्य उद्योग सहाकरी समिति मर्यादित बूढ़ा-रामगढ़ का गठन कर पंजीयन कराया है और उक्त समिति को दो तालाबों के मत्स्य पट्टा प्रदान कर दिए गए।

उक्त अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकतर सदस्य ग्राम पंचायत बुढ़ा-रामगढ़ में नही रहते, वो कई वर्षों से दिल्ली-पंजाब में रहते हैं और समिति का संचालन उक्त लोगों द्वारा किया जा रहा है। मत्स्य उद्योग सहकारी समिति मर्यादित बृजपुरा के सदस्यों ने मांग की है कि मत्स्य उद्योग सहकारी समिति बूढ़ा-रामगढ़ के सदस्यों एवं समिति के रिकार्ड की जांच कराई जाये एवं उच्च न्यायालय का फैसला आने तक बूढ़ा जलाशय के मत्स्य पालन पट्टा पर कोई कार्यवाही न की जाए।

# एक गेट से आवाजाही में परेशानी



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला अस्पताल में नए निर्माण के बाद अब तीन मुख्य दरवाजे हो गए हैं लेकिन आवाजाही के लिए सिर्फ एक दरवाजे को खोला गया है। मेडिकल स्टोर्स के बगल में स्थित पुराने दरवाजे से न सिर्फ मरीज और उनके परिजन आवाजाही करते हैं बल्कि एंबुलेंस, डॉक्टर्स के वाहन भी यहीं से गुजरते हैं जिसकी वजह से अक्सर जाम के हालात निर्मित हो जाते हैं। इस मामले को लेकर परिजनों ने भी शिकायत करते हुए दो गेट खोले जाने की मांग की है।

अस्पताल की आवाजाही की व्यवस्था समुचित बनाए जाने के लिए यह आवश्यक है कि कम से कम दो दरवाजों का प्रयोग किया जाए जिसमें एक दरवाजे से इन्ट्री और दूसरे दरवाजे से बाहर जाने के लिए निर्देशित किया जाए। इस व्यवस्था से न सिर्फ जाम जैसी स्थिति से छुटकारा मिलेगा बल्कि व्यवस्थाएं भी सुधरेंगी। अस्पताल आने वाले काशीराम कुशवाहा नौगांव, राधे यादव सलैया, अशोक अहिरवार, काशीराम अहिरवार ने बताया कि वे अपने मरीजों को लेकर जिला अस्पताल आए थे लेकिन गेट पर ही 10 मिनिट फंसे रहे। एंबुलेंस और डॉक्टरों के वाहन आने से मरीजों को भीतर ले जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा जबकि अगर दूसरा दरवाजा भी प्रयोग में लाया जाए तो इन समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है।

नौगांव विकासखंड क्षेत्र के केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला हरपालपुर का मामला

# कम अंक वाले को बनाया अतिथि शिक्षक

**नौगांव, देशबन्धु।** नौगांव विकासखंड क्षेत्र के हरपालपुर कस्बे में संचालित केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला की प्रधानाध्यापिका ने अतिथि शिक्षक भर्ती में गड़बड़ी करते हुए ज्यादा अंक वाले अभ्यर्थी को दरकिनार कर कम अंक वाले अभ्यर्थी को अतिथि शिक्षक नियुक्त करने का कारनामा सामने आया है। नियुक्ति से वंचित अभ्यर्थी युवक ने छतरपुर जनसुनवाई में कलेक्टर से, मामले की शिकायत की है, जिसके बाद अब जिला शिक्षा अधिकारी जांच कराने के बाद कार्यवाई करने की बात कह रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक हरपालपुर कस्बे के निवासी आलोक पटैरिया ने केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला, रेलवे फाटक के पास हरपालपुर में अतिथि शिक्षक भर्ती के लिए आवेदन किया था। आवेदन के बाद आलोक पटेरिया के स्कोर कार्ड में 174 अंक के साथ मेरिट में सातवें स्थान पर नाम था। जबकि हरपालपुर के ही शिवम अरजरिया के स्कोर कार्ड में 164 अंक के साथ मेरिट में आठवें स्थान पर नाम था। केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला की प्रधानाध्यापिका ममता मिश्रा ने अतिथि शिक्षक भर्ती में ज्यादा अंक वाले आलोक पटेरिया की नियुक्ति न करके उनके स्थान पर कम अंक वाले शिवम अरजरिया को अतिथि शिक्षक के रूप नियुक्त कर दिया। जब इसकी जानकारी आलोक पटेरिया को हुई तो उन्होंने पाठशाला में संपर्क किया जिसके बाद कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। तो पीड़ित युवक आलोक पटेरिया ने सीएम हेल्पलाइन में मामले की शिकायत दर्ज कराई। पाठशाला की प्रधानाध्यापिका ने सीएम हेल्पलाइन में भी फर्जी तरीके से शिकायत को बंद करा दिया है। इसके बाद अतिथि शिक्षक से वंचित पटेरिया ने नौगांव तहसील कार्यालय पहुंचकर मंगलवार जनसुनवाई में मामले की शिकायत दर्ज कराई लेकिन कोई कार्यवाई नहीं हुई तो पीड़ित युवक ने इसके बाद मामले को शिकायत जिला कलेक्टर संदीप जी आर से की है। कलेक्टर संदीप जीआर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शिकायत में कार्यवाई के लिए आवेदन को जिला शिक्षा अधिकारी को प्रेषित कर दिया है।

**शिकायत पर डीईओ ने की जांच कमेटी गठित**–अतिथि शिक्षक भर्ती मामले की शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी ने एक जांच कमेटी गठित की है। जिला शिक्षा अधिकारी एम के कौटार्य ने बताया कि जांच के लिए समिति बनाई गई है, जांच के बाद आरोपियों पर कार्यवाई होगी।

# संतों और ब्राह्ममणों को शॉल-श्रीफल से किया सम्मानित




**छतरपुर, देशबन्धु।** विधायक आलोक चतुर्वेदी द्वारा आयोजित किए जा रहे मेल-मिलाप एवं सम्मान समारोह की श्रंखला में मंगलवार को संत समाज, कर्मकाण्डी ब्राह्मणों और सेन समाज को आमंत्रित किया गया। शहर के किशोर सागर तालाब के समीप सेवा ग्राम परिसर में आयोजित कार्यक्रम में दौरान विधायक श्री चतुर्वेदी और उनके पुत्र नितिश तथा निखिल चतुर्वेदी ने संतों और ब्राह्ममणों को शॉल-श्रीफल से सम्मानित करते हुए, आशीर्वाद लिया। वहीं सेन समाज का अभिनंदन कर उपहार प्रदान किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विधायक आलोक चतुर्वेदी ने कहा कि सनातन धर्म सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के लिए वे कभी पीछे नहीं हटे हैं, आप सभी के आशीर्वाद से विधायक बनने के उपरांत संत समाज और ब्राह्मण समाज द्वारा जो भी मांगें रखी गईं उन्हें पूरा कराने में हमने कोई कसर नहीं छोड़ी और आप सभी भी की उप?स्थिति यह दर्शा रही है कि आप सभी का आशीर्वाद आगे भी मुझे मिलता रहेगा। इस अवसर पर संत समाज की ओर से जानराय टौरिया के महंत श्रंगारीदास महाराज ने विधायक आलोक चतुर्वेदी को सनातन धर्म का रखवाला बताते हुए संपूर्ण संत समाज और ब्राह्मण समाज की ओर से साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे ही प्रतिनिधि की आवश्यकता है जो सनातन धर्म, संत समाज और ब्राह्मण समाज की चिंता करे।

स्वच्छ भारत अभियान को लगाया जा रहा पलीता

# गरौंली गांव में जगह-जगह फैली गंदगी, सड़कों पर बह रहा गंदा पानी



**नौगांव, देशबन्धु।** जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत गरौंली में इन दिनों पंचायत सरपंच एवं सचिव की लापरवाही के चलते चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है, नियमित सफाई न होने से गांव की नाली कचरे से पटी पड़ी हैं जिसके चलते नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है।

जनपद पंचायत क्षेत्र ग्राम पंचायत गरौंली में बीते दिनों- स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 1 अक्टूबर को पंचायत कर्मियों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर वाहवाही लूटी। जबकि स्वच्छता ही सेवा अभियान की सफाई के बाद और पहले की स्थिति जस की तस है। ग्राम पंचायत गरौंली में पंचायत की अनदेखी के कारण गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। गांव में नियमित रूप से सफाई नहीं कराए जाने से जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं, वहीं नालियां भी जाम होने से गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है। गंदगी से परेशान ग्रामीण कई बार प्रशासन व जिम्मेदार लोगों से गुहार लगा चुके हैं। लेकिन साफ-सफाई पर किसी ने भी ध्यान नहीं दिया । गांव में गंदगी पसरी होने के कारण मच्छर पनप रहे हैं और संक्रमित बीमारियां फैलने का हमेशा डर बना रहता है।

गौरतलब है कि ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्राम पंचायत गरौंली निर्मल पंचायत के रूप में दर्ज है। निर्मल पंचायत होने के बाद भी गांव में नियमित सफाई न होने से चारों ओर गंदगी पसरी हुई है। गांव में नियमित रूप से सफाई नहीं होने के कारण जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के राजू राजा के मकान के सामने से प्रकाश ढीमर, मु. आशिक वाली गली, मेन बस स्टेण्ड, सोसायटी, गणेश मन्दिर परिषद के आस पास नालियों को सफाई न होने से दुकानो में पानी भरने लगता है। क्योंकि पानी निकलने के लिये कोई निकासी नहीं जिसे लोगो को एक फ़िट गन्दे पानी से गुजरना पड़ता है। शिकायत करने के बाद भी पंचायत द्वारा नाली व सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। रामदरवार मंदिर बनी नाली सफाई नहीं होने के कारण लोगों को कचरे के ढेरों के ऊपर से होकर निकलना पड़ता है। बरसात के मौसम में स्थिति ज्यादा खराब हो जाती है, क्योंकि कचरे में पानी भर जाने से दुर्गंध आती रहती है।

### इनका कहना है

पंचायत सचिव से बात करके गांव की सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराते हैं। जनपद क्षेत्र को सभी ग्राम पंचायतों में सफाई कराने के निर्देश दिए जाएंगे।

**- भागीरथ प्रसाद तिवारी,**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी,**
**जनपद पंचायत नौगांव**

# श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के स्वयं सेवकों ने किया श्रमदान



**छतरपुर, देशबन्धु।** भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदीजी ने 01 अक्टूबर 2023 को प्रात: 10ः00 बजे से समस्त देशवासियों को स्वच्छता अभियान में श्रमदान का आह्वान पर श्री कृष्णा विश्वविधालय छतरपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवियों द्वारा स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत ग्रीन एवेन्यू कॉलोनी एवं संजीवनी अस्पताल परिसर में 01 अक्टूबर को दो दर्जन से अधिक स्वयंसेवकों एवं शिक्षकों के साथ मिलकर स्वच्छता रैली निकाली एवं 1 घंटे श्रमदान करते हुए उन स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सफाई की । इस अवसर पर विश्वविधालय के डॉ. बी.एस. राजपूत ने कहा कि हम सभी इस अवसर पर मनाए जाने वाले स्वच्छता पखवाड़ा में अपने आस-पास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने हेतु श्रमदान करें। यह पूज्य बापू को हम सभी की ओर से सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर प्रबंधन समिति के प्रमुख श्री कुबेर सिंह जी शोध प्रकोष्ठ विभाग के सलाहकार डॉ. बी. एस.राजपूत जी,फार्मेसी विभाग के प्रमुख श्री दीपेंद्र सिंह बुंदेला, एनसीसी के प्रमुख लेफ्टी. गौरव शर्मा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. महेश कुमार एवं कु. वर्षा यादव वरिष्ठ स्वयंसेवक आकाश गौतम सहित आशीष, रजनीश ,दीपक, विनीता, संदीप, सानिया, आकांक्षा, सुनिधि, धर्मेंद्र, महक, शिवचरन, दीपक सहित अन्य सफाईकर्मी मौजूद रहे।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. बृजेन्द्र सिंह गौतम, चैयरमेन डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह गौतम, उपकुलपति गिरीश त्रिपाठी, कुलसचिव विजय सिंह ने विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयं सेवी छात्र-छात्राओं की इस पहल के लिए प्रशंसा की।

भजन संध्या में झूमे भक्तगण

# जलबिहार महोत्सव में भक्ति रस की गंगा बही



**छतरपुर, देशबन्धु।** श्रावण द्वादशी माँ अन्नपूर्णा मेला जलबिहार महोत्सव में प्रतिदिन हो रही महाआरती एवं धार्मिक आयोजनों के चलते भक्ति रस की गंगा बह रही जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु डुबकी लगा रहे हैं, सम्पूर्ण गल्लामण्डी क्षेत्र धर्ममय हो गया है। संगीतमय महाआरती में रिटायर्ड शिक्षक बी.पी.चंसौरिया, बुन्देलखण्ड कीर्तन उत्थान समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी,संजू मिश्रा एवं सोनू नगरिया मुख्य रूप से शामिल हुए और माता रानी आर्शीवाद लिया।

मेला जलबिहार के सह संयोजक दिलीप सेन जानकारी देते हुए बताया कि महाआरती के उपरांत मंचीय कार्यक्रम हुआ मुख्य अतिथि बी.पी.चंसौरिया ने माँ अन्नपूर्णा की कथा के दृष्टांत सुनाते हुए कहा कि जहाँ माँ अन्नपूर्णा विराजमान होती है वहीं अन्न की कमी कभी नहीं होती, जैसा यह मंदिर गल्लामण्डी में स्थापित है, जहाँ अन्न का बहुत बड़ा व्यापार होता है, यह मेला हमारी अमूल्य धरोहर है इसको संरक्षित करने में मैं हमेशा समिति के साथ खड़ा हूँ, उन्होंने मेला समिति को सहयोग के लिए इक्कीस हजार की नगद राशि भेंट की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बुन्देलखण्ड कीर्तन उत्थान समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने मेले से जुड़े बचपन के स्मरण याद करते हुए कहा कि मेला जलबिहार से हमारा आत्मीय लगाव है, हमारे ऊपर माँ अन्नपूर्णा की कृपा है। श्री तिवारी ने अपनी ओर से इक्कीस हजार रूपये की राशि से मेला समिति का सहयोग किया। इस अवसर पर भजन गायक पं.प्रमोद तिवारी एवं पं.ओमप्रकाश तिवारी मंचासीन रहे। मेला जलबिहार समिति द्वारा अतिथि द्वय बी.पी.चंसौरिया एवं देवेन्द्र तिवारी का शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मंचीय कार्यक्रम उपरांत जवाबी कीर्तन प्रारंभ किया जिसमें राखी आजाद उरई एवं नीलम विश्वकर्मा छतरपुर ने अपनी प्रस्तुति दी। स्वागत भाषण कार्यकारी अध्यक्ष सौरभ तिवारी, आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष गिरजा पाटकर एवं कार्यक्रम का संचालन राकेश रूसिया द्वारा किया गया। मेला जलबिहार महोत्सव में दिनांक 4 अक्टूबर को शाम 9 बजे से क्रांतिमाला कानपुर एवं शशिराजकमल रायबरेली के बीच जवाबी मुकाबला होगा वहीं अंतिम शाम दिनांक 5 अक्टूबर को भजन संध्या की प्रस्तुति खनिज देव सिंह एण्ड ग्रुप द्वारा दी जायेगी, साथ ही देर रात विमानों की विदाई धूमधाम से समिति द्वारा की जाएगी।

सागर, बुधवार 4 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# जातिगत जनगणना से बदलेंगे सियासी समीकरण

बिहार में जातिगत जनगणना के सार्वजनिक किये गये आंकड़ों से देश का राजनैतिक परिदृश्य पूर्णत: बदल जाने का अनुमान है। इसका असर अति पिछड़े एवं पिछड़े वर्गों को लेकर होने वाले सियासी गणित पर तो पड़ेगा ही, विमर्श भी ध्रुवीकरण की बजाय सशक्तिकरण की राह पकड़ लेगा। अगर ऐसा होता है तो यह भारतीय जनता पार्टी के लिये सबसे बुरा समाचार साबित होने जा रहा है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रिपोर्ट कार्ड इस मामले में बेहद खराब है। भाजपा का सबसे बड़ा नुकसान तो यह होगा कि उसका एक विशाल वोट बैंक उसकी झोली से सरक जायेगा। एकाध साल पहले की बात होती तो मामला दूसरा होता। तब 'मोदी नहीं तो कौन' का सवाल उठा दिया जाता था। अबकी ऐसा नहीं है। लगभग एक दशक तक कई उतार-चढ़ाव देखने के बाद कांग्रेस लय में लौट आई है और उसके साथ अन्य 27 दल दमदारी से खड़े हैं जिन्हें इस बदले हुए सियासी माहौल का फायदा इसलिये मिलेगा क्योंकि यह मांग (जातिगत जनगणना की) इसी कुनबे से आई है। दूसरी ओर भाजपा इसे नकारती रही है। जो भी हो, इस साल के 5 राज्यों के होने वाले विधानसभा चुनावों पर तो इसका असर पड़ेगा ही, बावजूद इसके कि ज्यादातर में भाजपा की स्थिति वैसे भी नाज़ुक है, लोकसभा-2024 का चुनावी विमर्श भी इसी के इर्द-गिर्द घूम सकता है।

बिहार में जातिगत जनगणना के निष्कर्ष गांधी जयंती पर बिहार सरकार द्वारा सार्वजनिक कर दिये गये। अनुमानों के काफी नज़दीक के निकले इन आंकड़ों ने बतलाया कि राज्य में 36 प्रतिशत अति पिछड़ा, 27 फीसदी पिछड़ा, 19.65 प्रतिशत अनुसूचित जाति एवं 1.68 फीसद अनु. जनजाति के लोग हैं। यानी कि अति पिछड़ा व पिछड़ा वर्ग मिलकर 63 फीसदी हो जाते हैं। अगर उनमें अनु. जाति व अनु. जनजाति को मिलाया जाये तो यह आंकड़ा 84 फीसद हो जाता है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस एवं उसके सहयोगी तमाम दल 'जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी हिस्सेदारी' के लिये आवाज़ उठाते आ रहे हैं। चूंकि कोविड-19 के चलते वर्ष 2021 में जनगणना नहीं हो सकी थी, इसलिये केन्द्र सरकार इसके आंकड़े उपलब्ध न होने के बहाने करती रही है। वैसे अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान और पिछले दिनों लोकसभा के सत्र में भी राहुल गांधी ने कहा था कि अगर मौजूदा सरकार 2011 की जनगणना के आधार पर आरक्षण नहीं करती तो उनकी सरकार के आने पर ऐसा किया जायेगा। बिहार के नीतीश कुमार व तेजस्वी यादव की जनता दल यूनाइटेड-राष्ट्रीय जनता दल सरकार ने इस मामले पर लीड लेते हुए जातिगत जनगणना करा डाली।

इसका असर दूर तलक इसलिये जायेगा क्योंकि पिछड़े वर्ग ही एक तरह से भाजपा का मुख्य काडर है। अब उसकी अपेक्षा भाजपा से बढ़ेगी। चूंकि यह दल मनुवादी व्यवस्था से चलता है, जिसमें सवर्णों के अलावा अन्य जातियों के प्रति या तो प्रेम है ही नहीं अथवा है भी तो दिखावा मात्र। ऐसे वर्णों में गैर हिन्दू, दलित एवं पिछड़े वर्ग आते हैं, इसलिये भाजपा नेतृत्व के लिये यह सम्भव ही नहीं होगा कि वह ओबीसी को अधिकार सम्पन्न करेगी। इसकी कमान अब भी ऊंची जातियों के लोगों के हाथों में होने से वे ऐसा होने नहीं देंगे।

फिर, भाजपा की नकेल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हाथों में होने से वह ऐसा कुछ भी करने की इज़ाज़त नहीं देगा जिससे उच्च वर्णों का महत्व कम हो। इस तरह देखें तो भाजपा जातिगत जनगणना के भंवर में फंसती नज़र आ रही है। भाजपा की दिक्कत यह है कि उसने केन्द्र में पिछले साढ़े नौ वर्षों के अपने शासनकाल में लोगों के सशक्तिकरण की दिशा में कुछ भी नहीं किया है। कहने को वह कुछ समय में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था या पांच ट्रिलियन इकानॉमी बनाने और 2047 तक दुनिया का इसे सबसे विकसित देश बनाने का दावा करती है लेकिन वास्तविकता यही है कि देश बदहाल है। लोगों की माली हालत बहुत खराब हो गई है। शासकीय नौकरियां निकल नहीं रही हैं और दिखावे के लिये मोदी जो थोड़े से नियुक्ति पत्र वर्चुअली बांटते हैं, वह ऊंट के मुंह में जीरा भी नहीं है। हर साल 2 करोड़ रोजगार देने के वादे के कहीं आसपास भी सरकार नहीं है और जनसंख्या में सबसे बड़ा वर्ग होने के नाते ओबीसी ही सर्वाधिक प्रभावित हुआ है। एक-एक कर तमाम शासकीय उपक्रमों के होते निजीकरण ने नौकरियां ही खत्म कर दी हैं तो आरक्षण कहां से मिलेगा? भाजपा की आशंका यह भी हो सकती है कि अगर ओबीसी वर्ग को अपने हकों का एहसास हुआ तो वह रोजगार सृजित करने की मांग जोर-शोर से उठाएगा और भाजपा सरकार उसकी यह मांग पूरी न कर सकी तो उसका वोट बैंक उससे छिटक सकता है। अब यह मांग देशव्यापी भी हो सकती है क्योंकि अनेक ऐसे राज्य हैं जहां स्पष्टतया ओबीसी बहुमत में हैं। नीतीश कुमार ने एक तरह से लोगों के सामने पिटारा खोल दिया है और उसमें पड़े उपहार जनता को बांटने के लिये इंडिया गठबन्धन तैयार बैठा है।

इस जनगणना के जारी आंकड़ों से इंडिया का उत्साहित होना स्वाभाविक है। राहुल गांधी ने तो इसके सार्वजनिक होने के बाद दी प्रतिक्रिया में कहा है कि इसे क्रियान्वित करना उनका प्रण है। इसका संदेश अन्य राज्यों के ओबीसी वर्गों तक जायेगा। सामने मिल रहे तत्काल लाभ को छोड़कर वे न तो विश्व की तीसरी सबसे बड़ी इकानॉमी बनने का इंतज़ार करेंगे न ही उसके 5 ट्रिलियन के आकार वाली अर्थव्यवस्था बनने का। स्वाभाविक है कि यह वर्ग 2047 का भी इंतज़ार नहीं करेगा। भाजपा संकट में है।

# बिहार के क्षितिज से उगे सूर्य का प्रकाश अब सारे देश में फैले

इस बार की गांधी जयंती खास रही। यह दिन गौतम बुद्ध के मुस्कुराने का दिन साबित हुआ। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के मुस्कुराने का भी दिन था। शाहू महाराज व महात्मा फुले भी मुस्कुरा उठे। बीपी मंडल, कर्पूरी ठाकुर, कांशीराम, वीपी सिंह के साथ हर उस व्यक्ति के मुस्कुराने का दिन था, जो समतामूलक समाज की कल्पना करते हैं और उसके आकांक्षी हैं। एक बहुत साहसिक कदम उठाकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जो जातिगत जनगणना कराई और उसके आंकड़े सार्वजनिक किये उसका राजनैतिक से ज्यादा सामाजिक महत्व है। बेशक, उसका रास्ता सियासी गलियारों से होकर ही गुजरेगा। बिहार के क्षितिज से उगे सूर्य का प्रकाश पूरे देश में फैले- इसकी उम्मीद व कामना की जानी चाहिये। 'जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी हिस्सेदारी' के नैसर्गिक सिद्धांत पर आधारित इस निर्णय का अपना सामाजिक महत्व तो है, लेकिन इससे देश के राजनैतिक समीकरण भी बदलेंगे। प्रगतिशील सोच के साथ बढ़े इस कदम का वैसा ही प्रतिरोध हर उस कट्टर ताकतों द्वारा वैसा ही होगा जैसे समाज के हर सुधारों का अब तक पिछले 2500 वर्षों से होता आया है। बिहार सरकार को चाहिये कि जनसंख्या के अनुसार लोगों को उनका हक दिलाने के लिये आवश्यक कदम तत्काल उठाये और अन्य राज्यों को भी प्रेरणा दे।

'सामाजिक न्याय की भूमि' कहे जाने वाले बिहार के मुख्य सचिव द्वारा जारी किये गये आंकड़े पूरी भारतीय राजनीति में उथल-पुथल मचाने के लिये काफी हैं क्योंकि इससे ओबीसी को भारतीय समाज में अपने आकार व ताकत का अहसास होने जा रहा है। इन आंकड़ों में बताया गया है कि राज्य में ओबीसी की संख्या सर्वाधिक है। यह अनुमान पहले भी था लेकिन वह गणना के माध्यम से ही सिद्ध किया जा सकता था। इसलिये भारतीय जनता पार्टी इसका विरोध करती आई जबकि बिहार की जनता दल यूनाइटेड व राष्ट्रीय जनता दल गठबन्धन की सरकार (नीतीश व तेजस्वी यादव) इसके पक्ष में थे। पिछले दिनों बने संयुक्त विपक्षी गठबन्धन इंडिया (इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इन्क्लूजिव एलाएंस) ने इसका समर्थन किया। राहुल गांधी ने इसके पक्ष में जोरदार आवाज उठाई। पिछले साल की सितम्बर के पहले हफ्ते से निकाली कन्याकुमारी से कश्मीर तक की चार हजार किलोमीटर की यात्रा के दौरान उन्होंने यह बात तो उठाई ही, बाद की तमाम सभाओं एवं वार्ताओं में भी वे आबादी के अनुसार हिस्सेदारी की वकालत करते रहे हैं। लोकसभा के भीतर अपने भाषण में उन्होंने जब यह आंकड़ा प्रस्तुत किया कि भारत सरकार के कुल 90 सचिवों में केवल तीन ही अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी) के हैं जो कुल बजट का मात्र 5 फीसदी ही नियंत्रित करते हैं, तो यह बात सबके लिये चौंकाने वाली थी और सत्ता पक्ष के पास इसका कोई जवाब ही नहीं था। राहुल ने यह बात भी कही कि पिछड़ा व अति पिछड़ा वर्गों के लिये नौकरियों में वाजिब तरीके से आरक्षण तत्काल लागू किया जाये जिससे उन्हें न्याय मिल सके। उन्होंने यह भी चेतावनी दे रखी है कि अगर केन्द्र सरकार इसे लागू नहीं करती तो उनकी पार्टी सत्ता में आने पर कर देगी। चूंकि 2021 में कोविड के कारण जनगणना ही नहीं हुई है तो यह पता करना मुश्किल है कि ओबीसी कितने है। इसके लिये राहुल का कहना है कि 2011 की जनगणना के अनुसार ही इसे लागू कर दिया जाये।



डॉ. दीपक पाचपोर

> राजनैतिक समीकरण तो पीछे चलकर आएंगे, इसका बड़ा असर पिछड़े व वंचितों के जीवन स्तर में सुधार को लेकर होगा। सामाजिक न्याय का रास्ता इस तरह से प्रशस्त होगा कि नौकरियों में अधिक भागीदारी से पिछड़े व अति पिछड़े वर्गों का सशक्तिकरण होगा तथा जिस समतामूलक समाज की कल्पना सुधारवादी नेताओं व महापुरुषों ने की थी, उसका मार्ग प्रशस्त होगा।

राहुल की इस मांग के साथ उनकी पार्टी के अतिरिक्त पूरा इंडिया गठबन्धन खड़ा है। वैसे भी वर्तमान परिदृश्य में कांग्रेस का ट्रैक रिकार्ड बेहतर दिखाई दे रहा है क्योंकि उसके चार मुख्यमंत्रियों में से तीन ओबीसी वर्गों से हैं- छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल, राजस्थान के अशोक गहलोत और कर्नाटक के सिद्धारमैया। राहुल-नीतीश के इस दांव से भाजपा का परेशान होना स्वाभाविक है क्योंकि ओबीसी का एक बड़ा वर्ग पिछले कुछ समय से भाजपा का कोर वोट बैंक बना हुआ है जबकि नेतृत्व सवर्णों के हाथ में है या वर्ण व्यवस्था का समर्थक है जो उनका सशक्तिकरण कतई नहीं चाहेगा। उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी इसे स्वीकार नहीं करेगा। दिखावे के लिये कर भी ले तो इसे यथार्थ के धरातल पर नहीं उतारेगा। अगर भाजपा शासित राज्यों में इसकी मांग उठती है और ओबीसी नये सिरे से देशव्यापी जातिगत जनगणना की मांग कर सकता है (जो करनी भी चाहिये), तो इसका परिणाम यह हो सकता है कि भाजपा से जुड़े ओबीसी समुदाय दूसरे उन दलों में जा सकते हैं जो उनके आरक्षण एवं सशक्तिकरण के समर्थक हैं। इसलिये भाजपा नेताओं का व्यथित होना स्वाभाविक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो इसे इंडिया (उनकी शब्दावली में घमंडिया) की जाति-आधारित राजनीति करार दिया है जबकि खुद मोदी एक चुनावी सभा में यह कहकर वोट मांग चुके हैं कि 'जो इस प्रदेश में साहू है, वही गुजरात में मोदी है'। इसी नाम को लेकर उनके इशारे पर राहुल गांधी के खिलाफ पूरे मोदी समुदाय की अवमानना का मामला दर्ज कराया गया है जिसके चलते उनकी सांसदी छिन जाती है। यह अलग बात है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा सजा पर रोक लगने से वह बहाल भी हो जाती है। भाजपा के मुखर सांसद गिरिराज सिंह ने इन आंकड़ों को भ्रम फैलाने फैलाने वाला कृत्य बताया जबकि सच्चाई यह है कि इससे सभी वर्गों के आंकड़ों सम्बन्धी भ्रम को दूर करने में मदद मिली है। बिहार में 1978 में कुल आरक्षण के भीतर 12 प्रतिशत अति पिछड़ों व 8 फीसदी पिछड़ों के लिये आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। 'आरक्षण में आरक्षण' का यह फार्मूला लोगों के विरोध का कारण बनता रहा है और इन्हें अदालतों में चुनौतियां भी मिलती रही हैं। बिहार ने रास्ता साफ कर दिया है जो कर्पूरी ठाकुर ने दिखाया था और अब नीतीश अन्य राज्यों को दिखला रहे हैं।

इस मामले में राजनैतिक समीकरण तो पीछे चलकर आएंगे, इसका बड़ा असर पिछड़े व वंचितों के जीवन स्तर में सुधार को लेकर होगा। सामाजिक न्याय का रास्ता इस तरह से प्रशस्त होगा कि नौकरियों में अधिक भागीदारी से पिछड़े व अति पिछड़े वर्गों का सशक्तिकरण होगा तथा जिस समतामूलक समाज की कल्पना सुधारवादी नेताओं व महापुरुषों ने की थी, उसका मार्ग प्रशस्त होगा। एक यह भी तर्क दिया जाता है कि अब सरकारी नौकरियां रह कहां गई हैं जो इतनी बड़ी संख्या में आरक्षण के हकदार लोगों को दी जा सकें, तो कहा जा सकता है कि पिछड़े व अति पिछड़े वर्गों का जब नौकरियों के लिये दबाव होगा तो सरकार को शासकीय सेवाओं में नौकरियां बढ़ानी पड़ेंगी। फिर इसके लिये चाहे नीतियों में बदलाव ही क्यों न करना पड़े। फिलहाल तो मोदी सरकार का रुझान निजीकरण की ओर है जिसके चलते उसके पास शासकीय उपक्रमों का मानव संसाधन घटाकर उन्हें घाटे में लाने का फार्मूला है। कम्पनियों को घाटे में लाकर उन्हें औने-पौने में अपने मित्र कारोबारियों को बेच देना ही भाजपा की औद्योगिक नीति है।

देखा जाए तो यह कदम एक बड़े वर्ग की सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक समझ में इज़ाफ़ा करने वाला साबित होगा। ओबीसी को यह समझ में आयेगा कि उसका इस्तेमाल भाजपा केवल सवर्णों की ताकत बढ़ाने एवं सवर्णों के हाथ में देश के सारे संसाधन सौंप देने का खेल करती आई है। नीतीश के इस कदम से ओबीसी के बल पर सामाजिक ध्रुवीकरण का भाजपायी दांव आगामी पांच विधानसभा चुनाव में तो नाकाम होगा ही, 2024 का लोकसभा चुनाव भी वह हार सकती है।

**( लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं )**

# मायावती ने शुरू किया बड़ा अभियान, किसी गठबंधन से कोई संबंध नहीं

**■ प्रदीप कपूर**

पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष, मायावती ने अब लोक सभा चुनाव 2024 के लिए उत्तर प्रदेश में एक बड़ा अभियान शुरू किया है, यह स्पष्ट करने के बाद कि वह किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं होंगी। आजकल वह जमीनी स्तर पर अपनी पार्टी को मजबूत करने में व्यस्त हैं।

राजनीतिक नेताओंऔर मीडियाकर्मियों के मन में व्याप्त संदेह दूर करने के लिए, मायावती ने बार-बार कहा है कि बसपा लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी, तथा वह न तो भाजपा नेतृत्व वाले राजग और न ही विपक्षी गठबंधन इंडिया के साथ शामिल होगी और न ही रणनीतिगत तालमेल ही बिठायेगी।

> 2019 के चुनावों में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन के माध्यम से बसपा ने वर्तमान लोकसभा में अपनी सीटें शून्य से बढ़ाकर 10 कर लीं, लेकिन चुनाव के तुरंत बाद, मायावती ने यह कहते हुए गठबंधन को भंग कर दिया कि समाजवादी पार्टी बसपा उम्मीदवारों को वोट स्थानांतरित करने में विफल रही। सच तो यह है कि सपा से गठबंधन के कारण ही बसपा को मुस्लिम समुदाय का समर्थन मिला।

मायावती ने आरोप लगाया कि एनडीए या इंडिया दोनों गठबंधन गरीब विरोधी, जातिवादी, सांप्रदायिक और पूंजीवाद समर्थक हैं इसलिए उनकी पार्टी उनके साथ हाथ नहीं मिलायेगी। मायावती ने उन ताकतों की भी निंदा की जो उन्हें भाजपा समर्थक बताने में लगे हुए थे क्योंकि उन्होंने इंडिया में शामिल होने से इनकार कर दिया था।

गौरतलब है कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ने चुनाव प्रचार के आखिरी दिनों में लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन की उम्मीद के साथ मायावती या बसपा पर कोई भी प्रतिकूल टिप्पणी करने से परहेज किया है। केवल समाजवादी पार्टी और उसके नेता अखिलेश यादव ने बार-बार कहा कि बसपा तो भाजपा की ही बी टीम है।

मायावती जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए पार्टी कैडर के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। उन्होंने पार्टी नेताओं और समन्वयकों को कम से कम 500 लोगों की भागीदारी के साथ प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने के निर्देश जारी किये हैं। इन शिविरों में पार्टी कार्यकर्ताओं के परिवार के सदस्यों के भी शामिल होने की उम्मीद है।

प्रशिक्षण शिविरों में केवल दलित समाज पर ध्यान केंद्रित करने और प्रतिभागियों को पार्टी की विचारधारा के बारे में शिक्षित करने के निर्देश जारी किये गये हैं। गौरतलब है कि बसपा का गठन 1984 में हुआ था और चुनाव में पार्टी की सफलता में प्रशिक्षण शिविरों ने अहम भूमिका निभाई थी।

मायावती ने पार्टी नेताओं से उन नेताओं तक पहुंचने को भी कहा है जिन्होंने पार्टी छोड़ दी है या निराश होकर घर बैठने का फैसला किया है। पार्टी कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर उन्हें पार्टी उम्मीदवारों के लिए काम करने के लिए प्रेरित करने पर अधिक जोर दिया जा रहा है।

2019 के चुनावों में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन के माध्यम से बसपा ने वर्तमान लोकसभा में अपनी सीटें शून्य से बढ़ाकर 10 कर लीं, लेकिन चुनाव के तुरंत बाद, मायावती ने यह कहते हुए गठबंधन को भंग कर दिया कि समाजवादी पार्टी बसपा उम्मीदवारों को वोट स्थानांतरित करने में विफल रही। सच तो यह है कि सपा से गठबंधन के कारण ही बसपा को मुस्लिम समुदाय का समर्थन मिला।

लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग में मायावती ने बढ़त बना ली है। पार्टी नेताओं और समन्वयकों की कई बैठकें हुई हैं, जो विचार-मंथन सत्र में शामिल हुए हैं, जिसमें मायावती के भतीजे आकाश भी शामिल हैं, जो अपनी चाची के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

मायावती अब चुनाव जीतने के लिए दलित समाज, पिछड़ों और मुस्लिम समुदाय पर निर्भर हैं। एक समय में ब्राह्मण चेहरा और पार्टी में नंबर दो की हैसियत रखने वाले सतीश मिश्र अब महत्वपूर्ण नहीं रहे। उन्होंने शक्तिशाली ब्राह्मण समुदाय को एकजुट करने के लिए भाईचारा बैठकें आयोजित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसने 2007 में अपने दम पर पार्टी को यूपी में सत्ता में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## पावन प्रसंग

# अहिंसा कायरता नहीं सिखलाती

अहिंसा की दृष्टि विराट है। उसमें संकीर्णता की जरा भी गुंजाइश नहीं है। यह तो गंगा की उस विमल विशाल धारा के सदृश्य मुक्त व स्वतंत्र है। उसे बंधनप्रिय नहीं है। यदि अहिंसा को किसी प्रांत, भाषा, पंथ या सम्प्रदाय की परिधि में बंद कर दिया गया तो उसकी वही स्थिति वही होगी, जो समुद्र के जल को किसी गड्ढे में बंद कर देने पर होती है। यह तो विश्व का सर्वमान्य सिद्धांत है। अहिंसा का सिद्धांत अनोखा सिद्धांत है। इतने बड़े पैमाने पर विशेष कर इतनी बड़ी शक्ति के हाथों अंग्रेजों से स्वराज प्राप्त करने में उसका उपयोग और भी अनोखा था।

अहिंसा का क्षेत्र काफी विस्तृत है वह विश्वव्यापी है। यह मानवता का उज्जवल प्रतीक है। इसके द्वारा ही जैन समाज की सारी व्यवस्थायें व प्रवृत्तियां युगों युगों से सुचारू रूप से चली आ रही है। अहिंसा कायरता नहीं सिखलाती है। वह तो वीरता सिखलाती है। अहिंसा वीरों का धर्म है अहिंसा का स्वर है। मानव तो अपनी स्वार्थ लिप्सा में डूबकर दूसरों के अधिकार को न छीनो किसी देश या समाज के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप मत करो। किसी भी समस्या को शांतिपूर्वक समझाने का प्रयास करो और शांति के लिए तुम अपना बलिदान अवश्य दो। किंतु अपनी स्वार्थ एवं वासनापूर्ति के लिए किसी को मत लूटो। इस पर ही यदि समस्या का उचित समाधान नहीं हो पा रहा है और देश जाति और धर्म की रक्षा करना अनिवार्य हो तो उस स्थिति में वीरता परक कदम उठा सकते हो।

अहिंसा के नाम पर कायर बनकर मुंह छिपाकर मत बैठो। अहिंसा यह कभी नहीं कहती कि मानव अन्याय को सहन करो क्योंकि जैसे अन्याय करना स्वयं में पाप है। वैसे ही अन्याय को कायर होकर सहन करना भी एक महापाप है। वह अहिंसा क्या है जिसमें अन्याय के प्रतिकार की शक्ति नहीं है। देश की आजादी को सुरक्षित रखने की क्षमता नहीं है। वह अहिंसा अहिंसा नहीं है वह तो नाम मात्र की अहिंसा है।

श्रमण संस्कृति के भगवान महावीर ने क्रांति की अलख जगाई, गांव-गांव घूमकर मानव समाज को अहिंसा और प्रेम का संदेश सुनाया। महावीर के समसामयिक महात्मा बुद्ध भी एक युग पुरुष थे। बुद्ध समाज की बुराईयों के साथ लड़े थे। संघर्ष किया था। करुणामूर्ति ईसा मसीह भी एक बहुत बड़ी शक्ति थे। विश्व को प्रेम और क्षमा का अमर संदेश प्रदान करते हुए कहा 'यदि दुश्मन तुम्हारे एक गाल पर तमाचा मारे तो तुम दूसरा गाल भी आगे कर दो। गांधी जी ने अंग्रेजों का सामना किया एक बहुत बड़ी शक्ति के साथ लड़े थे, पर अहिंसक बनकर लड़े। मानवीय जीवन के जितने भी क्षेत्र व विषय हैं उन सब में अहिंसा का प्रवेश है। सभी क्षेत्र अहिंसा की क्रीड़ा भूमि है।

**कांतिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

# मातृशक्ति वंदन में ही गांधी जी का अभिनंदन!

हर साल 2 अक्टूबर को हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को याद करते हैं। ये दिन हमें राष्ट्र के प्रति समर्पित होने की सीख देता है। इस वर्ष गांधी जयंती का दिन इस लिहाज से अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि भारतीय संसद ने इस बार 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' पारित कर नारी सशक्तिकरण की दिशा में मिसाल कायम की है। गांधीजी के जीवन में मातृशक्ति का विशेष योगदान रहा है और उन्होंने विधायिका में महिला भागीदारी बढ़ाने की आवाज़ कई बार बुलंद की थी। दरअसल महात्मा गांधी अपनी पीढ़ी के उन चुनिंदा शख्सियत में से एक थे, जिन्होंने भारतीय समाज में महिलाओं की केंद्रीय भूमिका को उस वक्त पहचाना जब कांग्रेस के अंदर महिला भागीदारी और सवालों को लेकर कोई स्पष्ट रूपरेखा नहीं थी। 1931 में आयोजित दूसरे गोलमेज सम्मेलन में महात्मा गांधीजी ने विधायिका में महिला आरक्षण के पक्ष में कहा था कि, 'मैं उस विधायिका का बहिष्कार करूंगा, जिसमें महिला सदस्यों की उचित हिस्सेदारी नहीं होगी।' गांधीजी के इस विचार से हम समझ सकते हैं कि सामाजिक जीवन में महिलाओं की हिस्सेदारी को लेकर औपनिवेशिक काल में गांधी जी कितने मुखर थे।

महात्मा गांधी जी के जीवन-चरित्र पर प्रकाश डालते हैं, तो हम पाते हैं कि सुकरात और लियो टॉलस्टॉय का जितना असर उनके व्यक्तित्व पर था उससे कहीं अधिक वो अपनी माता पुतलीबाई, पत्नी कस्तूरबा सहित हर उस खास और आम स्त्रियों से प्रभावित थे। जो आज़ादी के आंदोलन में उनके आस-पास थीं। कहीं न कहीं यही वजह थी कि उन्हें समाज में महिलाओं की दिशा और दशा का भलीभांति ज्ञान था। गांधीजी अक्सर कहते थे कि, 'महिला-पुरुष की संयुक्त साझेदारी के बिना महिला सशक्तिकरण संभव नहीं है।' उनके अनुसार, यह साझेदारी आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षिक स्तर पर महिलाओं को मजबूत बनाये बिना संभव नहीं है और यह आज का सुखद आश्चर्य है कि प्रधानमंत्री मोदी इन सभी पहलुओं पर मातृशक्ति को मजबूत बनाने में अनवरत प्रयास कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने जन धन योजना के माध्यम से मातृशक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का बीड़ा उठाया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत महिलाओं को घर की चाबी सौंपकर महिलाओं को आर्थिक अधिकार दिलाया। तीन तलाक से निजात दिलाकर मुस्लिम महिलाओं के जीवन में नई उमंग और सामाजिक समरसता का बीजारोपण किया। स्वच्छता अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया कि घर और समाज को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी सिर्फ महिलाओं की नहीं, अपितु पुरुषों का भी इसमें योगदान होना चाहिए। बेटी-पढ़ाओ, बेटी बचाओ योजना ने लड़कियों को पढ़ने-पढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। 9.6 करोड़ महिलाओं को उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लाकर महिलाओं के जीवन पर छाए संकट के बादल को न सिर्फ दूर किया गया, बल्कि उनके जीवन में नया उजाला लाने का प्रयास हुआ ताकि महिलाएं भी बेहतर और सुरक्षित जीवनयापन कर सकें।

'लैंगिक न्याय' की जो परिकल्पना गांधी जी ने आज़ादी के पूर्व की थी। उसे मूर्तरूप देने का काम आज़ादी के अमृतकाल में किया गया। ऐसे में नि:संदेह जब भारत देश अपनी आजादी का शताब्दी वर्ष मना रहा होगा तो मातृशक्ति के उस महोत्सव में पूरी भागीदारी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एजुकेशन, इम्पलायमेंट एवं एम्पावरमेंट को आधार बनाकर विकास की मुख्यधारा में महिलाओं को लाने का कार्य किया है। आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कमतर नहीं नजर आती हैं। चंद्रयान की सफलता में भी नारी शक्ति का अहम योगदान रहा। तभी तो रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता का श्रेय भारत की नारी शक्ति को दिया और राष्ट्र को एक नई पहचान प्रदान करने के लिए उनके समर्पण और बलिदान की सराहना की। इतना ही नहीं उन्होंने 'नारी शक्ति वंदन' विधेयक को इसरो की महिला वैज्ञानिकों के साथ-साथ संपूर्ण महिला वैज्ञानिक समुदाय के लिए कृतज्ञ राष्ट्र का उपहार बताया। जो यह दर्शाता है कि वर्तमान समय में नारी शक्ति के स्वाभिमान को कितना महत्व दिया जा रहा है।

महात्मा गांधी जी ने महिलाओं के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अधिकारों की जो लड़ाई आज़ादी के पूर्व शुरू की थी। वह वर्तमान में छायादार वृक्ष बनकर फलीभूत हो रही है और अब महिला आरक्षण के लागू होने के पश्चात महिलाएं सिर ऊंचा कर संसद में अपना उचित प्रतिनिधित्व कर पाएंगी।

**- सोनम लववंशी, स्वतंत्र लेखिका एवं शोधार्थी**

# अहिंसा का संदेश देने दौड़ा भोपाल



## चरखा प्रदर्शनी भी लगी

**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय द्वारा सोमवार को वन्यप्राणी संरक्षण दौड़ और चरखा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

वन मंडल, भोपाल के सहयोग से अहिंसा और वन्य प्राणियों के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति आम नागरिकों के मध्य जागरूकता फैलाने के लिए यह दौड़ वन विहार के भदभदा रोड स्थित द्वार से शुरू होकर भदभदा चौराहा, डिपो चौराहा, स्मार्ट सिटी तिराहा, जनजातीय संग्रहालय तिराहा से आगे मानव संग्रहालय पहुंची। प्रतिभागी यहां भारत के विभिन्न प्रांतों एवं समुदायों से संकलित भौतिक संस्कृति पर आधारित प्रदर्शनियों का अवलोकन करते हुए लगभग दो किलोमीटर की दूरी तय कर बोट क्लब पहुंचे, जहां वन विहार के प्रवेश द्वार क्रमांक एक पर दौड़ का समापन हुआ। इस दौड़ की दूरी साढ़े 6 किलोमीटर थी, जिसमें करीब दो सौ प्रतिभागी शामिल हुए।

इसी प्रकार देश के विभिन्न हिस्सों से संकलित पारम्परिक चरखों पर शैलकला प्रदर्शनी भवन में एक विशेष प्रदर्शनी चरखा भारत की सांस्कृतिक एकता और उद्यमिता का प्रतीक का उद्घाटन पूर्व अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया। यह प्रदर्शनी आजादी का प्रतीक होने के साथ ही साथ आत्मनिर्भरता और शारीरिक मेहनत के माध्यम से स्वतंत्रता की भावना को प्रत्येक परिवार में रोजगार और उचित आय अर्जित कर स्वाधीनता का संदेश देती है। इससे पूर्व गांधीजी के छायाचित्र पर माल्यार्पण करके उनके देश के प्रति समर्पण से संबंधित संस्मरण को याद किया किया गया। तत्पश्चात संग्रहालय कर्मियों,एवं सुरक्षा कर्मियों द्वारा वीथी संकुल परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

# गरीब में बसते थे गांधी के रामः विजय बहादुर

## समता का समाज ही गांधी का रामराज : रघु



**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जंयती पर आज लोहिया सदन में विचार गोष्ठी का कार्यक्रम हुआ, जिसका विषय बापू के राम था । गोष्ठी के प्रमुख वक्ता देश के प्रसिद्ध आलोचक डॉ विजय बहादुर सिंह ने कहा कि गांधी के राम आसन और प्रतिमा में नहीं थे बल्कि गरीब की रोटी में थे, वे कहते थे कि दरिद्र नारायण ही मेरे ईश्वर हैं। आज गांधी के राम को याद करने की आवश्यकता है, यानी देश के गरीबों की चिंता करने की आवश्यकता है।

अध्यक्षीय भाषण में समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर ने कहा कि आजकल सरकारें अरबों रुपया खर्च कर राम मंदिर बना रही हैं और दूसरी तरफ आम आदमी के बीच में बसे हुए राम भुखमरी और बेरोजगारी की गोद में हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर बनाना वह भी राजकोष से यह सरकार का दायित्व नहीं है। जब सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ था तब तत्कालीन गृहमंत्री सरदार पटेल के पूछने पर बापू ने कहा था कि सरकारी खजाने से मंदिर का निर्माण नहीं होना चाहिए, बल्कि जन सहयोग से होना चाहिए। सरदार पटेल ने उनका आदेश माना और धर्मनिरपेक्षता के मूल्यों का सम्मान किया। लेकिन आजकल तो सरकारी राजकोष से मंदिरों का पुनर्निर्माण कर रहीं हैं। राजकोष से मंदिरों के दर्शन किए जा रहे हैं और संविधान और बापू का मखौल उड़ा रहीं है। यह कोई धर्म नहीं है बल्कि यह तो अधर्म है। दुखद है कि लगभग सभी सत्ताकांक्षी राजनैतिक दलों में ऐसी ही होड़ लगी है। उन्होंने कहा कि बापू के राम को अपने अंतरात्मा में खोजना होगा और अपने ही भीतर राम की मर्यादा और विचारों का मंदिर बनाना होगा।

प्रांरभ में स्वागत भाषण समता ट्रस्ट के अध्यक्ष मदन जैन ने दिया। उन्होंने ट्रस्ट की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ट्रस्ट निरंतर समाजवादी साहित्य का प्रकाशन और अन्य प्रकार के समाज कल्याण के कार्य करता है। उसका सारा खर्च हम लोग आपस में मिलकर उठाते हैं। हम सरकारों और सेठों के आगे हाथ नहीं फैलाते। गोष्ठी का संचालन लोहिया पुस्तकालय की संचालक डॉ.शिवा श्रीवास्तव ने किया। गोष्ठी में लाल भाईजान, मकसूद भाई, श्रीमती मकसूद पूर्व पार्षद, प्रताप मलिक, अजय श्रीवास्तव, मूलचंद धारिया, केपी सिंह शानू उपस्थित थे।

# पति से विवाद के बाद चौथी मंजिल से कूदी पत्नी, मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** कटारा हिल्स इलाके में रविवार देर रात एक महिला ने चौथी मंजिल अपने घर की बालकनी से छलांग लगाकर जान दे दी। बताया गया है कि महिला का अपने पति से विवाद हुआ था। इसके बाद में वह गुस्से में अपने घर में कमरे में चली गई और कमरा बंद कर बालकनी से कूद गई। उसे तत्काल एम्स अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।

कटारा हिल्स पुलिस ने बताया कि 34 वर्षीय भारती पटिल टिपिन सेंटर चलाया करती थी। वह अपने पति देवेंद्र पटिल के साथ निकुंज हाइट्स नाम इमारत की चौथी मंजिल पर रहती थी। उनकी शादी को करीब 12 साल से ज्यादा का समय बीत चुका है,लेकिन कोई संतान नहीं थी। उसका पति देवेंद्र एक शराब कंपनी में काम करता है। बताया गया है कि रविवार को भारती के भाई का जन्मदिन था, सभी का वहां पर निमंत्रण था। भारती का पति नौकरी पर होने के कारण उसमें नहीं गया था, रात में करीब 12 बजे के बाद वह घर पहुंचा। इसी बीच भारती भी अपने घर आ गई थी। देवेन्द्र ने घर आते ही भारती से खाना मांगा तो भारती ने बताया कि सिलेंडर नहीं था तो खाना कैसे बनता। इसको लेकर दोनों में विवाद हुआ। इसके बाद भारती गुस्से में कमरे में चली गई और अंदर से दरवाजा बंद कर कमरे की बालकनी से नीचे छलांग लगा दी। गिरने के बाद महिला को सिर में अंदरूनी चोट लगी थी। उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी हैं। पुलिस ने फिलहाल महिला के पति से बयान दर्ज किए हैं। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद महिला के पति के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने का प्रकरण भी दर्ज किया जा सकता है। बताया गया है कि महिला अपने जिस फ्लेट से कूदी थी, उसकी ऊंचाई 40 फीट के करीब है।

## स्कूली खिलाड़ियों के भत्तों में वृद्धि

**भोपाल, देशबन्धु।** विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाली शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं के दैनिक भत्ते एवं गणवेश राशि में वृद्धि के निर्देश दिए है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार क्रीड़ा अंशदान राशि से आयोजित होने वाली जिला एवं संभाग स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं के लिए दैनिक भत्ता राशि 90 रुपए से बढ़ाकर 135 रुपए एवं गणवेश राशि साढ़े 4 सौ रुपए से बढ़ाकर 675 रुपए की गई है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए दैनिक भत्ता राशि सौ रुपए से बढ़ाकर डेढ़ सौ रुपए एवं गणवेश राशि 5 सौ रुपए से बढ़ाकर साढ़े 7 सौ रुपए की गई है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए दैनिक भत्ता राशि डेढ़ सौ रुपए से बढ़ाकर ढाई सौ रुपए एवं गणवेश के लिए 12 सौ रुपए से बढ़ाकर 18 सौ रुपए की गई है।

# बिजली कर्मचारियों ने किया बड़े प्रदर्शन का एलान



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले बिजली कर्मचारियों ने बड़े प्रदर्शन का ऐलान किया है। इसके तहत बिजली कर्मचारी 6 अक्टूबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाएंगे, जबकि सोमवार को उन्होंने गांधी प्रतिमा के सामने उपवास और भजन-कीर्तन किए।

बिजली कंपनी के प्रमुख संगठन मध्यप्रदेश विद्युत मंडल अभियंता संघ, यूनाइटेड फोरम, पॉवर इंजीनियर्स एंव एम्पलाइज एसोसि?एशन ने विद्युत क्षेत्र को बचाने एवं नियमित, संविदा, आउटसोर्स, पेंशनर्स के हितों की रक्षा के लिए संयुक्त रूप से लड़ने का निर्णय लिया है। इसके चलते हर जिले में जिला प्रभारी भी नियुक्त किए गए हैं। वहीं बिजली कर्मचारियों ने सोमवार को गांधी प्रतिमा के सामने बिजली मुख्यालय गोविंदपुरा पर उपवास और भजन-कीर्तन किया। जिला, संभाग स्तर पर भी प्रदर्शन हुआ।

## आयुष चिकित्सक भूख हड़ताल पर बैठे

भोपाल, देशबन्धु। आयुष चिकित्सकों ने स्टायपेंड (शिष्यवृत्ति) बढ़ाने, विभागों में भर्ती करने, छुट्टी देने समेत अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार से भूख हड़ताल शुरू कर दी है। वे पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद कॉलेज परिसर में भूख हड़ताल कर रहे हैं। भूख हड़ताल में कॉलेज के करीब साढ़े चार सौ छात्र-छात्राएं, इंटर्न, गृह चिकित्सक, पीजी स्कॉलर्स शामिल हैं। गौरतलब है कि यह लोग पिछले 10 दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन मांगों को लेकर सुनवाई नहीं होने पर उन्होंने अब भूख हड़ताल शुरू कर दी है। आयुष चिकित्सकों ने आज राज्य ने सरकार की सद्बुद्धि के लिए यज्ञ भी किया।

# मास्टर प्लान रद्द होगा, नए सिरे से काम करेंगेः रामेश्वर

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल मास्टर प्लान-2031 पर बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने फिर सवाल उठाए हैं। सोमवार को उन्होंने कहा कि हमने इस मास्टर प्लान को रद्द करने की बात कही है और यह रद्द होगा। मास्टर प्लान पर हम नए सिरे से काम करेंगे। विधायक श्री शर्मा ने कहा कि जिन्होंने तालाब बचाया है, उन किसानों के साथ अन्याय नहीं होने दूंगा। किसानों की जमीन कृषि क्षेत्र में ही रहेगी। निर्माण की अनुमति मिलेगी तो ठीक नहीं तो मास्टर प्लान नहीं आएगा। प्लान में कैचमेंट, उद्योग एवं कृषि उद्योग आदि पर पुनर्विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी किसान या नागरिक को परेशान होने की जरूरत नहीं है। इस मास्टर प्लान को हमने रद्द करने की बात कही है और यह रद्द होगा। नए सिरे से मास्टर प्लान पर हम काम करेंगे। किसान की जमीन कृषि थी या होगी, उसे आवासीय या दूसरे क्षेत्र में लाया जाएगा, जिससे किसान के परिवार को लाभ हो। उन्होंने कहा कि जीवन छिनने का काम सरकार नहीं करेगी, बल्कि उसका जीवन बनाने का काम करेगी। किसानों को आंदोलन करने की जरूरत भी नहीं है, मैं उनके साथ हूं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले आपत्तियों की सुनवाई के दौरान भी श्री शर्मा नाराजगी जता चुके हैं। उस वक्त वे कई बिंदुओं पर जमकर नाराज हुए थे।

# समाज उत्थान में कायस्थों का विशेष योगदान : कमलनाथ




**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती की पूर्व संध्या पर एक अक्टूबर को व्हाइट हाउस के प्रांगण में चित्रांश बंधुओ का महा समागम आयोजित किया गया। इसमें शहर और आसपास के जिलों से आए हुए सैकड़ो कायस्थ परिवारों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष सुबोध कांत सहाय , शास्त्री जी के प्रपोत्र एव एआईसीसी के पूर्व महासचिव विभाकर शास्त्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, श्रेया शंकर, मिस इंडिया 2019 एवं मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव ने समागम को उदबोधित किया। इसी अवसर पर समाज के गौरवशाली व्यक्तियों का सम्मान किया गया। एवं साथी हाथ बढ़ाना स्मारिका का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम के संचालक मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव ने बताया कि इस कार्यक्रम से कायस्थ एकता और मिलकर काम करने की भावना को प्रोत्साहन मिलेगा।

## स्कूली खिलाड़ियों के भत्तों में वृद्धि

**भोपाल, देशबन्धु।** विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाली शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं के दैनिक भत्ते एवं गणवेश राशि में वृद्धि के निर्देश दिए है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार क्रीड़ा अंशदान राशि से आयोजित होने वाली जिला एवं संभाग स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं के लिए दैनिक भत्ता राशि 90 रुपए से बढ़ाकर 135 रुपए एवं गणवेश राशि साढ़े 4 सौ रुपए से बढ़ाकर 675 रुपए की गई है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए दैनिक भत्ता राशि सौ रुपए से बढ़ाकर डेढ़ सौ रुपए एवं गणवेश राशि 5 सौ रुपए से बढ़ाकर साढ़े 7 सौ रुपए की गई है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए दैनिक भत्ता राशि डेढ़ सौ रुपए से बढ़ाकर ढाई सौ रुपए एवं गणवेश के लिए 12 सौ रुपए से बढ़ाकर 18 सौ रुपए की गई है।

# पति ने पुल से धक्का देकर की थी पत्नी की हत्या

**भोपाल, देशबन्धु।** नजीराबाद थाना पुलिस ने एक महिने पहले हुई महिला की हत्या के मामले का खुलासा कर दिया है। उसकी हत्या पति ने पुल से धक्का देकर की थी। पुलिस ने आरोपी पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक 30 अगस्त को ग्राम अमरपुर से लगी पार्वती नदी में अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ था। पुलिस ने मृतका कि पहचान मलावर राजगढ़ निवासी 28 वर्षीय वर्षा पति गोलू मेहर रूप में की थी। इसके बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर उसके परिजनों से पूछताछ की तो उन्होंने ससुरल पक्ष पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था। इससे पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने परिचितों, रिश्तेदारों से पूछताछ कर और सीसीटीवी की तस्वीरें देखकर साक्ष्य इक्ट्ठे किए। इससे आखिरी बार उसको पति के साथ देखा गया था। इससे पुलिस ने पति को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो उसने पत्नी वर्षा की हत्या करना स्वीकार किया। उसने बताया कि संतान न होने से उसका वर्षा से विवाद होता था। वह 28 अगस्त को भोपाल से वापस मलावर लौटते समय रात करीब दस बजे प्रेम प्रसंग के आरोपों के चलते विवाद हो गया था। इससे पार्वती पुल पर मोटर साइकिल खड़ी कर वर्षा को नदी में धक्का दे दिया था। पुलिस ने आरोपी पति गोलू मेहर और उसके पिता गणेश राम को गिरफ्तार कर लिया है।

## कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल- ceproc.encwrd.bpl@nic.in फोन - 0755-2767635 फेक्स - 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक - 1031 / 2023-24 / प्रमुख अभियंता / ई-टेंडरिंग / भोपाल, दिनांक 03.10.2023

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 25.10.2023 को 17.30 बजे तक क्रय / डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं ।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स.क्रं. | निविदा क्रं. | कार्य | जिला | लागत (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_WRD_310888 | टर्न की पद्धति पर:- बीना सिंचाई परियोजना के अन्तर्गत मड़िया पावर हाऊस में 21 मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए सभी संबंधित कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं। | सागर | 21347/- |
| 2 | 2023_WRD_310890 | टर्न की पद्धति पर:- बरखेडा मध्यम सिंचाई परियोजना के अंतर्गत स्पील चैनल में फाल एवम प्रोटेक्शन वाल का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं । | धार | 6190.72 |

जी -20730/23 मुख्य अभियंता ( प्रोक्योरमेंट )

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**दिल्ली में न्यूजक्लिक का दफ्तर....** तहत दर्ज एक मामले के आधार पर की गई। एक सूत्र ने बताया कि एफआईआर में यूएपीए की धारा 16 (आतंकवादी अधिनियम), धारा 17 (आतंकवादी कृत्यों के लिए धन जुटाना), धारा 18 (साजिश) और धारा 22 सी (कंपनियों द्वारा अपराध) लागू की गई है। 30 से ज्यादा स्थानों पर यह रेड की गई। इनमें से कई पत्रकारों ने ट्वीट कर बताया है कि पुलिस ने उनके घरों में रेड डाली है और उनके मोबाइल फोन और लैपटॉप जब्त कर लिए हैं।न्यूजक्लिक पर चीन के समर्थन में प्रचार करने के लिए धन लेने का आरोप लगाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई। यह वेबसाइट भारत में चीन समर्थक प्रचार के लिए अमेरिकी करोड़पति नेविले रॉय सिंघम से कथित तौर पर धन प्राप्त करने को लेकर हाल में सुर्खियों में आई थी।

**सीहोर, मंडीदीप, विदिशा और....** का संपूर्ण संचालन 2024 से प्रारंभ हो जाएगा। मेट्रो रेल के स्टेशन भी विशेष होंगे। जहाँ पर लिफ्ट एवं एस्केलेटर आदि की सुविधा, बुजुर्गों के लिए विशेष व्यवस्था और ऑनलाइन टिकिटिंग की सुविधा होगी। मेट्रो रेल समाज में समानता का भी माध्यम बनेगी। साईकिल वाले, दोपहिया वाले और कार वाले सभी इस सुविधाजनक, वातानुकूलित और समय की बचत वाले परिवहन को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान की अध्यक्षता में सुभाष नगर डिपो पर हुए शुभारंभ कार्यक्रम में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, श्रीमती कृष्णा गौर, विष्णु खत्री, पूर्व महापौर आलोक शर्मा, पूर्व विधायक ध्रुव नारायण सिंह, प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास नीरज मंडलोई, मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध संचालक मनीष सिंह तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**3 वैज्ञानिकों को भौतिकी का....** लिए पियरे एगोस्टिनी, फेरेंक क्रूज और ऐनी एल हुइलियर को भौतिकी में 2023 का नोबेल पुरस्कार देने का फैसला किया है। 'पदार्थ में इलेक्ट्रॉन गतिशीलता के अध्ययन के लिए प्रकाश के एटोसेकंड पल्स उत्पन्न करने के प्रायोगिक तरीकों' के लिए यह पुरस्कार इन वैज्ञानिकों को दिया जाएगा। इस पुरस्कार के तहत दी जाने वाली राशि इस साल बढ़ाकर 1.1 करोड़ स्वीडिश क्राउन (करीब 10 लाख अमेरिकी डॉलर) कर दी गई है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज की ओर से प्रदान किया जाता है। यह इस सप्ताह यह दूसरा नोबेल पुरस्कार घोषित किया गया है। चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार काटालिन कारिको और ड्रयू वीसमैन को एमआरएनए कोविड-19 टीकों के विकास में योगदान के लिए देने की घोषणा सोमवार को की गई थी। हंगरी के वैज्ञानिक कैटालिन कारिको और अमेरिकी सहयोगी ड्रयू वीसमैन को एमआरएनए मॉलीक्यूल की खोज के लिए पुरस्कार जीता है। वर्ष 1901 से अब तक भौतिकी में 116 नोबेल पुरस्कार दिए गए हैं।इनमें चार महिलाएं शामिल हैं। वर्ष 1903 में मैरी क्यूरी, 1963 में मारिया गोपेर्ट मेयर, 2018 में डोना स्ट्रिकलैंड और 2020 में आंद्रिया घेज को नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। नोबेल पुरस्कार डायनामाइट के आविष्कारक और व्यवसायी अल्फ्रेड नोबेल की वसीयत के तहत स्थापित पुरस्कार है। यह पुरस्कार विज्ञान, साहित्य और शांति लाने के लिए हासिल की गई उपलब्धियों के लिए 1901 से निरंतर प्रदान किए जा रहे हैं। यह दुनिया भर में वैज्ञानिकों के लिए सर्वोच्च सम्मान है।

## बिजली कर्मचारियों ने किया बड़े प्रदर्शन का एलान

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले बिजली कर्मचारियों ने बड़े प्रदर्शन का ऐलान किया है। इसके तहत बिजली कर्मचारी 6 अक्टूबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाएंगे, जबकि सोमवार को उन्होंने गांधी प्रतिमा के सामने उपवास और भजन-कीर्तन किए। बिजली कंपनी के प्रमुख संगठन मध्यप्रदेश विद्युत मंडल अभियंता संघ, यूनाइटेड फोरम, पॉवर इंजीनियर्स एंव एम्पलाइज एसोसि?एशन ने विद्युत क्षेत्र को बचाने एवं नियमित, संविदा, आउटसोर्स, पेंशनर्स के हितों की रक्षा के लिए संयुक्त रूप से लड़ने का निर्णय लिया है। इसके चलते हर जिले में जिला प्रभारी भी नियुक्त किए गए हैं। वहीं बिजली कर्मचारियों ने सोमवार को गांधी प्रतिमा के सामने बिजली मुख्यालय गोविंदपुरा पर उपवास और भजन-कीर्तन किया।

फोन नं.(कार्या.)221900 (निवास)222622
फेक्स 07582-222070,224543
ईमेल-dm.sagar@nic.in

## न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सागर जिला सागर म.प्र.

क्रमांक/7940/रीडर/2023 सागर, दिनांक 22.09.2023

प्र.क्र. 0001/पुनरीक्षण/2022-23

मौजा-बुढ़ना तहसील-शाहगढ़ जिला सागर

अरुणा उर्फ प्रेमरानी पति गरीवे पुत्री महादेव लोधी, नि. बुढ़ना हाल नि. जमुनिया तहसील बण्डा जिला सागर.............................................. पुनरीक्षणकर्ता

**विरुद्ध**

1. नारान सींग, 2. सोहन सींग पुत्रगण-महादेव, 3. रामकली पुत्री महादेव लोधी, नि. जमुनिया तहसील बण्डा जिला सागर, 4. लोटन सींग पिता दलीप नि. बुढ़ना तहसील बण्डा जिला सागर, 5. कल्लोबाई पुत्री दलीप सींग, हाल नि. खमरिया तहसील बकस्वाहा जिला छतरपुर (म.प्र.) 6. हल्लीबाई पुत्री दलीप सींग, हाल नि. महदेलाखेरा तहसील घुवारा जिला-छतरपुर (म.प्र.) ....... प्रतिपुनरीक्षणकर्तागण

**इश्तहार**

इस इश्तहार के माध्यम से प्रतिपुनरीक्षणकर्ता एवं समस्त हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि पुनरीक्षणकर्ता अरुणा उर्फ प्रेमरानी पति गरीवे पुत्री महादेव लोधी नि. बुढ़ना हाल नि. जमुनिया तहसील बण्डा जिला सागर ने न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी बण्डा जिला सागर द्वारा प्र.क्र. 0034/अपील 2021-22 में पारित आदेश 10.03.2022 से दुखित होकर प्रतिपुनरीक्षणकर्तागण नारान सींग एवं अन्य के विरुद्ध धारा-50 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 अंतर्गत पुनरीक्षण आवेदन अधिवक्ता सुरेशचन्द्र रजक के माध्यम से प्रस्तुत किया है, जिसमें प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर सुनवायी नियत है। प्रकरण में उत्तरवादी क्रमांक 05 कल्लोबाई पुत्री दलीप सींग को विधिवत सूचना प्रेषित की गयी है। परन्तु प्रेषित नोटिस सही पते के अभाव में तामील नहीं हुआ है।

अतः प्रतिपुनरीक्षणकर्ता क्रमांक 05 एवं अन्य हितबद्ध पक्षकारों यदि कोई हो, जिनका प्रकरण के संदर्भ में किसी प्रकार का कोई दावा, आपत्ति हो अथवा प्रकरण में पक्ष रखना चाहते है, तो इस न्यायालय में दिनांक 16.10.2023 को समक्ष में उपस्थित होकर पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के उपरांत प्राप्त आवेदन/दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

इश्तहार दिनांक 29.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**कलेक्टर सागर (मध्यप्रदेश)**

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम RIJVANA RAYEEN था, वर्तमान में मेरा नाम RIJVANA RAIN हो गया है। अब मुझे RIJVANA RAIN के नाम से ही लिखा पढ़ा व जाना जावे।

RIJVANA RAIN
ward no 19 mominpura
Tulsinagar ward
SAGAR(M.P.) 470002

## कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय छतरपुर (म.प्र.)

क्रमांक /क्रय / 2023-24/9791-A छतरपुर दिनांक :- 29/09/2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला चिकित्सालय छतरपुर म.प्र. में निम्नानुसार कार्यों हेतु विभिन्न एजेन्सियो/फर्मों/कंपनियो से ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा क्रय, जमा करने की अंतिम तिथि एवं निविदा खोले जाने की तिथियां प्रत्येक ई-निविदा के सम्मुख दर्शित है। समस्त ई-निविदायें विज्ञप्ति प्रकाशन के उपरान्त निर्धारित तिथि को वेबसाइड https://www.mptenders.gov.in पर प्रदर्शित होगी। निविदा से संबंधित दिशानिर्देश व शर्ते (टेण्डर डाक्युमेंट) इसी वेबसाइड पर उपलब्ध रहेंगे। अपरिहार्य कारणों से यदि निविदा की तिथि अथवा शर्तों में संशोधन या परिवर्तन किया जावेगा तो इसकी अद्यतन सूचना उक्त वेबसाइड के माध्यम से जारी की जावेगी। निविदा प्रपत्र https://www.mptenders.gov.in से निविदा का आनलाईन मूल्य रू. 1,000/- प्रति non refundable भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते है। निविदाओं की अमानत राशि निम्नानुसार रहेगी ।

| स. क्रं. | कार्य का विवरण | अमानत राशि (EMD) | प्रीबिड मीटिंग at CS Office Chhatarpur | निविदा प्रारूप ऑनलाईन प्राप्त करने एवं जमा करने की अंतिम तिथि | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Running of Modular Kitchen for supply of Diet (Breakfast & food as per govt. guideline) for admitted patient & Canteen in DH Chhatarpur (MP) | Rs.50,000/- (Rs. Fifty Thousand Only) | 06 Oct 2023 On 12:00 pm | From 09 Oct 2023 to 29 Oct 2023 upto 11:00 am | 30 Oct 2023 At 11:30 am |
| 2 | Supply of Food Material, Grains & Milk for NRC DH Chhatarpur (MP) | Rs.20,000/- (Rs. Twenty Thousand Only) | 06 Oct 2023 On 02:30 pm | From 09 Oct 2023 to 29 Oct 2023 upto 11:30 am | 30 Oct 2023 At 12:30 pm |
| 3 | Annual Running Operation and Maintenance Contract (With Man Power) of 150 STP & 50 KLD ETP Plants at District Hospital Chhatarpur (MP). Note: The work will have to be taken considering the present condition of the plants and rates will have to be submitted accordingly. | Rs.50,000/- (Rs. Fifty Thousand Only) | 06 Oct 2023 On 04:00 pm | From 09 Oct 2023 to 29 Oct 2023 upto 11:30 am | 30 Oct 2023 At 01:30 pm |
| 4 | Annual Running Operation and Maintenance Contract (With Man Power) of 05 Lifts at District Hospital Chhatarpur (MP) | Rs.50,000/- (Rs. Fifty Thousand Only) | 07 Oct 2023 On 12:00 pm | From 09 Oct 2023 to 29 Oct 2023 upto 11:00 am | 31 Oct 2023 At 11:30 am |
| 5 | Supply of Medicine & Material in District Hospital Chhatarpur (MP) | Rs.20,000/- (Rs. Twenty Thousand Only) | 07 Oct 2023 On 01:30 pm | From 09 Oct 2023 to 29 Oct 2023 upto 11:30 am | 31 Oct 2023 At 12:30 pm |
| 6 | Supply of Electrical Equipments, Accessories, Material & Repairing of Electrical Equipment/ Accessories in District Hospital Chhatarpur (MP) | Rs.20,000/- (Rs. Twenty Thousand Only) | 07 Oct 2023 On 02:30 pm | From 09 Oct 2023 to 29 Oct 2023 upto 11:30 am | 31 Oct 2023 At 01:30 pm |
| 7 | Audit of Rogi Kalyan Samiti (District Hospital, CHC & PHC) District Chhatarpur (MP) | Rs.10,000/- (Rs. Ten Thousand Only) | 07 Oct 2023 On 04:00 pm | From 09 Oct 2023 to 29 Oct 2023 upto 11:30 am | 31 Oct 2023 At 02:30 pm |

जी -20716/23

**(निविदा आमंत्रण ऑथरिटी)**
**सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक**
**जिला चिकित्सालय छतरपुर म.प्र.**

# रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर के देहात थाना क्षेत्र के मवई रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार को एक युवक का शव पड़ा मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर फोरेंसिक टीम के साथ देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पूछताछ के दौरान मृतक की पहचान पुष्पेंद्र यादव के तौर पर हुई। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

देहात थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि आज मबई रेलवे स्टेशन के पास एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंच कर मृतक के बारे में पूछताछ की गई। इस दौरान उसकी पहचान पुष्पेंद्र यादव निवासी दंगयाना के तौर पर हुई। उन्होंने बताया कि बारीकी से जांच के लिए एफएसएल टीम को बुलाया गया। एफएसएल अधिकारी प्रदीप यादव ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। उन्होंने बताया कि मृतक के शरीर पर चोटों के कई निशान मिले हैं। इस दौरान मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए और उन्होंने पुष्पेंद्र की हत्या के आरोप लगाए। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। देहात थाना प्रभारी ने बताया कि पीएम रिपोर्ट के बाद ही पूरे मामले का खुलासा होगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।



### मृतक के साथी ने लगाए मारपीट के आरोप

मबई निवासी सुरेंद्र अहिरवार ने बताया कि सोमवार रात वह और पुष्पेंद्र गांव की ओर जा रहे थे। रास्ते में कारी तिराहा के पास अज्ञात लोगों ने लाठी डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान वह जान बचाकर किसी तरह मौके से भाग निकला, लेकिन पुष्पेंद्र का रात भर कहीं पता नहीं चला। आज सुबह से जब परिजनों के साथ उसकी तलाश की गई तो रेलवे स्टेशन से थोड़ी दूर उसका शव पड़ा मिला। सुरेंद्र अहिरवार ने अज्ञात आरोपियों पर पुष्पेंद्र की हत्या के आरोप लगाए हैं।

# हनीट्रैप में फंसा कर पैसे उगाही करने वाली महिला आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शिवदयाल कुशवाहा नि. मुहारा ने थाना जतारा आकर रिपोर्ट किया कि उसके गाँव के कैलाश कुशवाहा व ग्राम करमौरा के सुंदर प्रजापति ने उसे बुलाकर एक महिला से मिलवाया बाद में उस महिला तथा कैलाश कुशवाहा व सुंदर प्रजापति द्वारा उसे बलात्कार के झूठे केश में फसाने की धमकी देकर 2.50 लाख रुपये की माँग की गई। झूठे केस में फँसने के डर से शिवदयाल कुशवाह ने अपनी एक बीघा ज़मीन बेच दी और उक्त महिला ,कैलाश कुशवाह व सुंदर प्रजापति को 70 हजार रुपये दे दिये किंतु महिला के द्वारा 1 लाख 80 हजार रुपये की और मांग की जा रही थी जिससे परेशान होकर फ़रियादी द्वारा रिपोर्ट की जिस पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामला गंभीर होने से पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया गया। थाना जतारा पुलिस द्वारा अपराध कायमी के चंद घंटों में ही 02 अक्टूबर को बाक़ी रुपए लेने आयी महिला आरोपिया को वायपास तिगैला जतारा से गिरफ्तार कर लिया ,पूछताछ पर महिला ने बताया की उसे हिस्से बाँट में 14 हज़ार रुपए मिले थे बाक़ी रुपये कैलाश और सुंदर प्रजापति ने रख लिए थे। महिला से उसके हिस्से में मिले रुपये बरामद कर जेल भेज दिया गया है। अन्य दो आरोपियों के संबंध में कार्यवाही जारी है। आरोपिया की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी जतारा निरी. अरविन्द सिंह दांगी, मनोज द्विवेदी, मनोज, सविता, राघवेन्द्र, प्रांजुल गुप्ता, शालिनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# ठेकेदार की मनमानी, तहसील निर्माण में घटिया मटेरियल का हो रहा उपयोग

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** कस्बा में कम समय में जल्दी निर्माण करने के चक्कर में ठेकेदार के द्वारा घटिया मटेरियल सामग्री का उपयोग कर तहसील भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा रहा है। यहां पर बन रही सैकड़ो फुट लंबी बाउंड्री बल के निर्माण में ठेकेदार गुड्डू पुरी द्वारा रेत बालू का उपयोग न करते हुए डस्ट का उपयोग कर बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। तहसील भवन के निर्माण में अभी रेत का इस्तेमाल कहीं नहीं किया जा रहा है। पूरे निर्माण कार्य में डस्ट का उपयोग किया जा रहा है।

जानकारी मिली है कि आचार संहिता के पहले तहसील भवन को पूरा करने की जिम्मेदारी ठेकेदार पर सौंपी गई है, जिसको लेकर ठेकेदार अपनी मनमानी करते हुए घटिया मटेरियल सामग्री का इस्तेमाल कर कर कम समय में तहसील भवन का निर्माण कार्य करवाने के लिए जुटा हुआ है। तहसील भवन के निर्माण में हो रही मनमानी व लापरवाहियों को लेकर कई बार खबरें प्रकाशित हो चुकी है लेकिन अधिकारियों द्वारा जांच व कार्यवाही अभी तक नहीं की गई है।

# पुलिस ने किया बलवा ड्रिल का अभ्यास



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस वल में अनुशासन बनाये रखने के लिये नियमित परेड का महत्वपूर्ण योगदान है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ( भा.पु.से.) द्वारा पुलिस लाईन स्थित परेड ग्राउंड पर सलामी लेकर जनरल परेड का निरीक्षण किया गया। जनरल परेड के बाद आगामी विधान सभा चुनाव, एवम कानून व्यवस्था के परिपेक्ष्य में बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया। जिसमें पुलिस की 5 पार्टियां- अश्रु गैस पार्टी, केन पार्टी, लाठी पार्टी, राइफल पार्टी, रिजर्व पार्टी बनाई गई थी। बलवाइयों द्वारा नारेबाजी करते हुए पुलिस पर पत्थर फेंके गए, जिसके पश्चात पुलिस द्वारा स्थिति नियंत्रित करने के लिए न्यूनतम आवश्यक बल का प्रयोग किया गया। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ( भा.पु.से.) द्वारा परेड पर उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने में बलवा ड्रिल के महत्व के बारे में बताया। साथ ही बलवा ड्रिल अभ्यास करते समय पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारी द्वारा बलवा ड्रिल में की गई गलतियो, एवं आने वाली परेशानियो के बारे में जानकारी देकर उक्त गलतियों एवं परेशानियों के बारे में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा कर भविष्य में नियमबद्ध एवं प्रॉपर तरीके से बलवान ड्रिल करने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने पर कैजुअल्टी रहित प्रभावी तरीके से बलवा आदि का नियंत्रण किया जा सके। बलवा परेड में एसडीओपी राहुल कटरे, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम , रक्षित निरीक्षक विशाल मालवीय, जिले के समस्त थानों के थाना प्रभारी सहित लगभग 145 पुलिस अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गल्ला व्यापारी से लूट करने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** अज्ञात 3 आरोपीयो द्वारा गल्ला व्यापारी महेश गुप्ता की दुकान से पैसो की गुल्लक कट्टा द्वारा धमकाकर एवं मारपीट कर 1,25,000 (सवा लाख रूपये) करीब एवं दस्तावेज पेटी सहित लूट कर ले गये थे। लूट के अपराधियो की पतारसी एवं माल बरामदगी के लिए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा निर्देशित किया गया है। जिसको लेकर टीम द्वारा फरियादी एवं साक्षियों के बताये अनुसार हुलिया, साइबर सेल की सहायता से संदेही अखलेश विश्वकर्मा पिता काशीराम विश्वकर्मा उम्र 26 साल नि. ग्राम गुना, नीरज पिता लक्ष्मन विश्वकर्मा उम 27 साल निवासी ग्राम समोगर थाना महरोनी, राजा भइया यादव पिता घनश्याम यादव उम्र 22 साल नि. ग्राम अमौरा थाना बानपुर से पूछताछ करने पर आरोपीयो ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुये अपराध में लूटे गये पैसो में 01 लाख रूपये नगदी, एक 315 बोर का कट्टा एवं जिंदा कारतूस, एक 12 बोर का देशी कट्टा 01 जिंदा कारतूस, लूटी गयी पेटी उसमें रखे। दस्तावेज कैश बुक, बिल बुक, मण्डी का लाइसेंस एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकल हीरो स्पेलेंडर काले रंग की बिना नंबर की बरामद किये गये आरोपीयों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। कार्यवाही में निरी. मुकेश शाक्य थाना प्रभारी खरगापुर, उनि. हिमांशु भिंडिया, उनि. शहीद खान, सउनि. पन्नालाल, पुष्पेन्द यादव, रीतेश मिश्रा, अवनीश यादव, अनुज अग्रवाल, गौरव तिवारी, गौरीशंकर, प्रवेन्द पटेल, रामसिंह एवं सायबर सेल से उनि. मंयक नगाईच एवं प्रआर रहमान खान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कुड़ीला थानांतर्गत इनामी आरोपियों को गिरपफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा फरारी, इनामी, स्थाई वारंटीयों को गिरफ्तार करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिसको लेकर कुडी़ला पुलिस ने 5 हजार के इनामी स्थाई वारंटी मन्नू उर्फ मदन पिता प्यारेलाल बंशकार निवासी हीरापुर थाना कुडीला को बस स्टेण्ड सराय काले खां नई दिल्ली से एवं थाना कुड़ीला अंतर्गत 2 हजार के इनामी स्थाई वारंटी रतिराम पिता छक्कीलाल अहिरवार निवासी थाना कुडीला को निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के वाहर दिल्ली से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी कुड़ीला उनि. बृजेन्द्र सिंह घोषी, मंयक नगाइच सायबर सेल टीकमगढ़, सउनि. सन्तोष कुमार थाना कुडीला, अमरचन्द्र अहिरवार रहमान खान सायबर सेल टीकमगढ चन्द्रभान राजपूत चौकी देरी थाना कुडीला की अहम भूमिका रही।




# मारपीट के आरोपी को एक वर्ष का सश्रम कारावास

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मामले के संबंध में मीडिया सेल प्रभारी एन.पी. पटेल ने बताया कि 8 अगस्त 2017 को शाम करीब 7बजे की बात है कि फरियादी अपने लड़के पुष्पेन्द्र को घर के बाहर बैठकर डांट रहा था कि गुटखा मत खाया कर बुरी चीज है, जिससे कैंसर होता है, तभी राकेश लोधी आया बोला कि खाने दो अगर गुटखा खाता है तो कौन सी बुरी बात है, उसने कहा कि लड़का हमारा है इसलिए डांट रहा हूं इसी बात पर से अभियुक्त राकेश लोधी उसे मां- बहिन की बुरी - बुरी गालियां देने लगा उसने मना किया तो एक गुम्मा उठाकर मारा जो दाहिने हाथ के कंधे में लगा। जब वह चिल्लाया राजेन्द्र लोधी, इमरत लोधी व जगभान लोधी आ गये जिन्होने बीच-बचाव किया था । अभियुक्त जाते समय कह रहा था कि अब की बार मुंह चलाया तो जान से मारकर फेक दूंगा। दो दिन बीतने के बाद इलाज नही कराया था और हाथ में सूजन आ गई थी काफी दर्द होना बता रहा था । दिनांक 11.08.2017 को देवसुधा सेवालय टीकमगढ़ में एक्सरा कराया था जिसमें दाहिने हाथ के कंधे पर फ्रेक्चर होना बताया था । फरियादी, आहत द्वारा उक्त घटना की प्रथम सूचना रिपोर्ट थाना बल्देवगढ़ में की गयी थी। फरियादी, आहत का चिकित्सीय मेडीकल परीक्षण कराया गया। घटनास्थल का नक्शा मौका बनाया गया। तत्पश्चात् साक्षियों के कथन उनके बताये अनुसार लेखबद्ध किये गये । फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर से अभियुक्त के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना पश्चात् अभियोग - पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया । अभियोजन द्वारा प्रकरण में प्रस्तुत की गई पुष्ट एवं विश्वसनीय मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर माननीय न्यायालय द्वारा संपूर्ण विचारण उपरांत आरोपी राकेश लोधी को आरोपित अपराध में दोषसिद्ध ठहराते हुए धारा - 325 भादवि. के अपराध में 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1,000/- (एक हजार रूपये) के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया । उक्त मामले में शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी प्रमोद कुमार राय के द्वारा की गई ।

### 2 हजार के इनामी स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा इनामी, फरारी, स्थाई वारंटियों को पकड़ने के लिए निर्देशित किया गया है। जिसको लेकर थाना चंदेरा पुलिस द्वारा 2 हजार के इनामी स्थाई वारंटी रामपाल पिता लक्ष्मण आदिवासी उम्र 30 साल निवासी दरदोरा थाना पलेरा के घर पर दबिश देकर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

# अवैध शराब बिक्री के आरोपी को 1 वर्ष का सश्रम कारावास

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मामले के संबंध में मीडिया सेल प्रभारी एन.पी. पटेल ने बताया कि दिनांक 21 दिसम्बर 2017 को थाना सिमरा की पुलिस टीम को नगर भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई है कि एक व्यक्ति एक मोटरसाईकिल से अवैध शराब की बिक्री के लिए सकेरा सरसौरा तरफ जा रहा था। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम ने दो राहगीरों को साथ लेकर जाकर देखा कि सकेरा तरफसे एक व्यक्ति मोटरसाईकिल के पीछे बोरा बांधे आ रहा था जिसे रोका और वह गाड़ी छोड़कर भागा और वहीं पर गिर गया, उसे स्टॉफ की मदद से घेरा बंदी कर पकड़ा नाम, पता, पूँछने पर उसने अपना नाम राजेश तनय रामसेवक राय उम्र 26 वर्ष, निवासी नैगुवां थाना पृथ्वीपुर का होना बताया। मोटरसाईकिल में बंधे बोरे को खुलवाकर देखा जिसमें 6 कार्टून पाये गये तथा कागज के कार्टून खुलवाकर देखा जिसमें ठेका की प्लेन शराब प्रत्येक पेटी 180 एम.एल. के 50-50 क्वार्टर कुल 300 क्वार्टर मात्रा करीब 54 लीटर कीमत 15,000 रुपये रखे हुये मिला था । उक्त शराब रखने व बेचने का लायसेंस पूंछा तो उसने कोई लायसेंस न होना बताया । साक्षियों के समक्ष अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध थाना सिमरा में एफआई.आर. पंजीबद्ध कर प्रकरण अनुसंधान में लिया गया । संपूर्ण अनुसंधान उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध अंतर्गत धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अभियोजन द्वारा प्रकरण में प्रस्?तुत की गई पुष्?ट एवं विश्?वसनीय मौखिक एवं दस्?तावेजी साक्ष्?य के आधार पर माननीय न्?यायालय द्वारा संपूर्ण विचारण उपरांत आरोपी राजेश राय को आरोपित अपराध में दोषसिद्ध ठहराते हुए धारा - 34(2) आबकारी अधिनियम के अपराध में 01 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 25 हजार के अर्थदण्?ड से दण्डित किया गया। उक्?त मामले में शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी प्रमोद कुमार राय के द्वारा की गई ।

# अग्रसेन जयंती के कार्यक्रमों के लिए हुई संयोजकों की मीटिंग



छतरपुर। अग्रसेन जयंती के कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर सोमवार को महालक्ष्मी मंदिर में अग्रसेन महिला विकास समिति ने संयोजकों की मीटिंग बुलाई। समिति की अध्यक्ष सोनम अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में सभी प्रतियोगिताओं के आयोजन को लेकर विचार-विमर्श कर उन्हें बेहतर तरीके से करने का निर्णय लिया गया। अग्रसेन जयंती के कार्यक्रम 8 अक्टूबर से प्रारम्भ हो रहे हैं। प्रत्येक कार्यक्रम के लिए संयोजक बनाकर उनके साथ सहयोगियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर राधे कृष्णा कीर्तन मंडली द्वारा कीर्तन किया गया।

समिति की मीडिया प्रभारी प्रियंका शुभम अग्रवाल ने बताया कि मीटिंग में ममता राकेश अग्रवाल, रजनी बद्री अग्रवाल, अर्चना नरेश अग्रवाल, समिति की वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगीता गंगाराम, कनिष्ठ उपाध्यक्ष रूप राजेंद्र अग्रवाल, सचिव संगीता सौरभ अग्रवाल, कार्यक्रम प्रभारी नीता नवल अग्रवाल, ज्योति गगन अग्रवाल, सांस्कृतिक मंत्री नीतू सौरभ अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कीर्ति अजय अग्रवाल, रुक्मणी विनोद अग्रवाल, मीडिया प्रभारी संध्या राजीव अग्रवाल, संगठन मंत्री ममता कृष्ण कुमार अग्रवाल, सीमा विनोद अग्रवाल, निष्ठा गौरव अग्रवाल, पूनम विवेक अग्रवाल, रिंकी देवेंद्र अग्रवाल, शिप्रा पवन अग्रवाल, प्रियंका सौरभ अग्रवाल, प्रीति सुरेंद्र अग्रवाल, दीप्ति केदारनाथ अग्रवाल और गायत्री राजेंद्र अग्रवाल ने सहभागिता की।

### एसडीएम ने किया शासकीय पशु अस्पताल का निरीक्षण

# डॉक्टर के नदारद रहने पर एक दिन का वेतन काटा, गौ सेवकों को बांटी निशुल्क दवाएं

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर के मऊ चुंगी रोड स्थित शासकीय पशु अस्पताल के खिलाफलगातार मिल रही शिकायतों के चलते मंगलवार को एसडीएम संजय दुबे ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में पदस्थ पशु चिकित्सक डॉक्टर बेनी प्रसाद अहिरवार नदारद मिले। एसडीम ने तत्काल ड्यूटी से नदारद रहने पर डॉक्टर का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं।

एसडीएम संजय दुबे ने बताया कि पशुपालकों की ओर से लगातार शासकीय पशु अस्पताल से डॉक्टर के नदारद रहने की शिकायत दर्ज कराई जा रही थी। मंगलवार अस्पताल पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर बेनी प्रसाद अहिरवार ड्यूटी से अनुपस्थित मिले। स्टाफने बताया कि निर्वाचन कार्य से गए हैं, लेकिन वह निर्वाचन कार्य में भी नहीं गए थे।



लापरवाही के चलते उनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान शासकीय पशु अस्पताल परिसर में संचालित आसरा गौ सेवा केंद्र का एसडीएम ने जायज लिया। गौ सेवा केंद्र के सदस्यों ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल गौ वंश के उपचार के लिए बाजार से दवाएं खरीदना पड़ती हैं। इस पर एसडीएम ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने पशु अस्पताल के स्टाफको बुलाकर सख्त हिदायत देते हुए कहा कि आसरा गौ सेवा केंद्र के लोग सेवा भाव से गोवंश का उपचार कर रहे हैं। यह लोग पशु विभाग की मदद करने में लगे हैं। इसलिए आसरा गौ सेवा केंद्र के सदस्यों को गोवंश के उपचार के लिए पशु अस्पताल से निशुल्क दबाए उपलब्ध कराईं जाएं। उन्होंने अपने सामने ही निराश्रित गोवंश के लिए आसरा गौ सेवा समिति के सदस्यों को दवाएं उपलब्ध कराईं।

# पुलिस ने जुआ फड़ पर मारा छापा, 6 को पकड़ा



**पन्ना, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा एस थोटा द्वारा जिले के समस्त थाना चौकी प्रभारियो को जुआं सट्टा में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह व समस्त अनु. अधि. पुलिस के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर पुलिस टीमो का गठन किया गया। इसी तारतम्य में जिले के समस्त थाना चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। 2 अक्टूबर 2023 को थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उप निरी. आर.आर प्रजापति को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की ग्राम चांदा के ऊपर बरुआ हार के जंगल में जुआं का फड़ चल रहा है।

थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर द्वारा मुखबिर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर देखा। मौके पर जुआडी, ताश पत्तो से रुपये पैसो की बाजी लगाकर हार जीत का दांव लगा कर जुआ खेलते मिले। पुलिस टीम द्वारा मौके पर रेड कार्यवाही करते हुये 06 व्यक्तियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया जबकि कुछ जुआंडी रात के अंधेरे का फायदा उठा कर मौके से भाग गए। पुलिस टीम द्वारा जुआं के फड व जुआडिओं के कब्जे से कुल एक लाख दो हजार चार सौ रुपये नगद व 6 मोटर साईकिले, ताश के पत्ते व टार्च जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध थाना देवेन्द्रनगर में अपराध क्र. 329/2023 धारा 13 जुआ एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। आरोपियों के पास से जुआं फड़ से एक लाख दो हजार चार सौ रुपये नगद, 06 मोटर साईकिले कीमती करीबन 4 लाख 10 हजार रुपये ताश के पत्ते व टार्च कुल मशरूका 5 लाख 12 हजार चार सौ रुपये का जप्त किया। गिरफ्तार आरोपी में विनोद द्विवेदी पिता रामदत्त द्विवेदी निवासी देवेन्द्रनगर, सुरेन्द्र यादव पिता रतन सिंह यादव निवासी ग्राम मडैय्यन थाना देवेन्द्रनगर, राजन गुप्ता पिता रुकमणि प्रसाद गुप्ता न. सुसायटी रोड देवेन्द्रनगर थाना देवेन्द्रनगर, बल्लू कंजड पिता राम मिलन कंजड निवासी देवेन्द्रनगर थाना देवेन्द्रनगर, महेश सोनकर पिता छोटे लाल सोनकर निवासी थाना देवेन्द्रनगर रंजो उर्फ रंजीत सिसोदिया पिता शरीफ सिसोदिया निवासी देवेन्द्रनगर थाना देवेन्द्रनगर से उपरोक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उप नि. आरआर प्रजापति, शैलेन्द्र सिंह, आइमात सेन, धीरेन्द्र सिंह, रामकरण प्रजापति, बीरनारायण सिंह, बृजेश छारी, राजेश प्रजापति, आनन्द बागरी आरक्षक, मुकेश यादव, राकेश सिंह, जयदेव गौतम बीनस पाण्डेय आदि का सराहनीय योगदान रहा पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की।

### विधानसभा चुनाव को लेकर राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित

# अधिकारी अपनी रिपोर्ट संयुक्त रुप से देना सुनिश्चित करें: कलेक्टर



**दमोह देशबन्धु।** राजस्व अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी 107 एवं 116 की संयुक्त रुप से कार्यवाही करें, की गई कार्यवाहियों का मिलान हो और सभी अधिकारी अपनी रिपोर्ट संयुक्त रुप से देना सुनिश्चित करें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने गत दिवस आयोजित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक के दौरान दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार सहित पुलिस अधिकारीगण मौजूद रहे। विधानसभा निर्वाचन 2023 निर्विघ्न एवं शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराये जाने के उद्देश्य से आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक तिवारी ने बताया बाउंड ओवर की कार्यवाही चल रही है, उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा नये बाउंड ओवर की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये। पुलिस अधीक्षक तिवारी ने कहा शस्त्र लायसेंस की जानकारी दी गई सूची के अनुसार डिवीजन वार जानकारी दी जाये, जितनी भी कार्यवाही होती जा रही है उसकी जानकारी भी दी जाये। बैठक में रिटर्निंग आफीसर पथरिया द्वारा बताया गया कि पथरिया में सूची अनुसार मिलान कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसी प्रकार रिटर्निंग आफीसर दमोह ने बताया थाना हिण्डोरिया, नोहटा, दमोह देहात में कार्यवाही पूर्ण हो गई है, थाना बादंकपुर का कार्य भी पूर्ण कर लिया जायेगा। पुलिस थाना बटियागढ में शस्त्र लायसेंस की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है। पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी ने कहा शस्त्र लायसेंस की जानकारी दी जाये, जिन्हे निलबिंत किया जाना है, उसकी जानकारी सोमवार 02 अक्टूबर 2023 तक एवं 110 व 116 की जानकारी 05 अक्टूबर 2023 की दोपहर 1.00 बजे तक जमा किया जाना सुनिश्चित किया जाये। बैठक में एस.एस.टी. एवं बेरियर के संबंध में विधानसभा वार जानकारी प्राप्त की गई। रिटर्निंग आफीसर तेन्दूखेडा द्वारा बताया गया 6 एस.एस.टी. एवं 6 बेरियर, रिटर्निंग आफीसर पथरिया द्वारा बताया गया कि 7 एस.एस.टी. एवं 07 बेरियर लगाये जायेंगे। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि ऐसे भी कामन एस.एस.टी व बेरियर होगें जो एक ही स्थान पर अलग-अलग रिटर्निंग आफीसर द्वारा लगाये गये होंगे। नोडल अधिकारी के द्वारा बताया गया कि सी-विजिल में 04 कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता होगी और कम्प्यूटर आपरेटर को भी पृथक से प्रशिक्षण प्रदाय किया जाये।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति में रैली निकालकर तेंदूखेड़ा में किया रोड शो



**दमोह/नोहटा देशबन्धु।** तहसील तेंदूखेड़ा के ग्राम अंवाही में जिला स्तरीय अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ समापन के पहले भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष संध्या शुक्ला एवं राष्ट्रीय महासचिव आशीष शुक्ला उर्फराजू भैया की उपस्थिति में तेंदूखेड़ा में भव्य रोड शो किया गया। जिसमें अपार जन समुदाय शामिल रहा। हजारों बहनों के साथ ग्राम अंमवाही में पहुंचकर जिला स्तरीय अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ के समापन की बेला पर चिंतनों की प्रथम कड़ी में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष संध्या शुक्ला ने कहा की भगवती मानव कल्याण संगठन के प्रयासों से लाखों लोगों के जीवन में सुख शांति समृद्धि लाने का कार्य किया है लाखों लोग नशे मांसाहार से मुक्त होकर जीवन जीने लगे हैं हमारी तीसरी धारा भारतीय शक्ति चेतना पार्टी द्वारा समाज में हो रहे अनीति अन्य धर्म को रोकने का निरंतर कार्य कर रही है आज राष्ट्रीय पार्टियों द्वारा 75 सालों तक राज करने के बाद भी नारी सुरक्षित नहीं है भय भूख भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है ऐसी स्थिति में आपके बीच सिर्फ एक ही विकल्प है भारतीय शक्ति चेतना पार्टी अगली कड़ी में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आशीष शुक्ला उर्फराजू भैया ने कहा कि संस्कार ही अपराध रोक सकते हैं सरकार नहीं और हमारा संगठन लोगों को पहले संस्कारवान बनाता है एक संस्कार वान व्यक्ति ही समाज कल्याण का कार्य कर सकता है। जिला स्तरीय अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ के मुख्य आयोजक ग्राम अमवाही के दीपचंद केवट रहे और अंत में उपस्थित हजारों मां के भक्तों का आभार प्रकट करने के लिए भारतीय शक्ति चेतना पार्टी विधानसभा क्षेत्र 56 जबेरा के प्रत्याशी डॉक्टर सुजान सिंह ने सभी का आभार प्रकट किया।

## मुख्य सड़कों व गलियों में अंधेरा



**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** नगर में कई महीनों से स्टेशन से थाना तिराहे तक की स्टे लाईट आधी बंद पड़ी हुई है वही कई वार्ड मुहल्ले में रात्रि में खंभे तो लगें हैं पर प्रकाश नही हो रहा है लेकिन कोई ध्यान नही दिया जा रहा है बारिश के मौसम में अंधेरा पसरा होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## क्षमावाणी पर्व का आयोजन

दमोह/पथरिया देशबन्धु। विरागोदय धर्मधाम तीर्थ क्षेत्र में जैन समाज द्वारा क्षमावाणी पर्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जैन समाज द्वारा एक दूसरे से क्षमा याचना करने के साथ-साथ क्षमा मांगी। आयोजन में नगर सहित दमोह सागर सहित अन्य शहरों से लोगों ने मुनिश्री विश्व नायक मुनि महाराज को श्रीफल चढ़ा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। रवि जैन ने कहा कि जैन समाज द्वारा प्रतिवर्ष पर्यूषण पर्व की समाप्ति के पश्चात क्षमावाणी पर्व का आयोजन कर एक दूसरे से क्षमा याचना की जाती है। यह जैन समाज का प्राचीन इतिहास है।

# लीनेस मैत्री क्लब ने गांधी और शास्त्री जयंती पर गोष्ठी का आयोजन किया



**दमोह देशबन्धु।** लीनेस मैत्री क्लब दमोह द्वारा निजी होटल में गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया सभी ने यह संकल्प लिया हम विचारों की स्वच्छता रखेंगे और हम अपना घर व आसपास के इलाकों को स्वच्छ रखने की कोशिश करेंगे। अध्यक्ष रोजी बग्गा ने कहा की महात्मा गांधी के विचार और उनके आदर्श आज भी हमारे लिए महत्वपूर्ण है उन्होंने सत्याग्रह के माध्यम से और असहमति का आदर्श प्रस्तुत किया और हमें यह सिखाया की विश्वास अहिंसा और सामंजस्य के माध्यम से हम बदलाव ला सकते हैं और उनकी प्रेरणा से हम एक बेहतर भविष्य की ओर कदम बढ़ा सकते हैं रिमी जुनेजा ने कहा कि गांधी जयंती हमें यह भी याद दिलाती है कि हमें एक समर्पित और उद्देश्यों की दिशा में काम करना होगा लीनेस मैत्री की सचिव रजनी खरे क्लब की सभी सदस्यों से से स्वच्छता की ओर विशेष ध्यान देने का संकल्प दिलवाया इस कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष ज्योति सचदेव का सभी का आभार व्यक्त किया सभी सदस्यों की उपस्थिति सराहनी रही।

# शालिनी आदर्श सीएम इनोवेशन अवार्ड से सम्मानित



**दमोह देशबन्धु।** शास. सरदार पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय दमोह की छात्रा शालिनी आदर्श सी.एम. इनोवेशन अवार्ड 2023 से सम्मानित। महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान भोपाल में आयोजित मुख्यमंत्री नवाचार पुरस्कार प्रतियोगिता 2023 में शासकीय सरदार पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह की छात्रा कुमारी शालिनी आदर्श को शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार द्वारा 11000 रुपए की राशि एवं प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री नवाचार पुरस्कार योजना में मध्य प्रदेश के 1000 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमे से मध्य प्रदेश में कुल 13 विद्यार्थियों का चयन किया गया। जिसमें शालिनी आदर्श ने चौथा स्थान प्राप्त कर विद्यालय ही नहीं पूरे दमोह जिले को गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता के तहत विद्यार्थी के साथ मार्गदर्शी शिक्षक बहादुर सिंह ठाकुर को भी अलग से 2200 की राशि एवं प्रशस्ति पत्र से माननीय शिक्षा मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. नेमा, प्राचार्य सुलक्षणा हजारी, प्रभात सिंह राजपूत, सी.एल. माझी, सुशील सोनी, अखिलेश सोनी, नितिन श्रीवास्तव, सविता विदोल्या, नीलू रावल, तरन्नुम आरा, परशुराम दुबे, फहीम खान, कामिनी अहिरवाल, मधुबाला श्रीवास्तव, सी.बी. अहिरवाल, अभिलाषा खरे, बीएल यादव, श्याम विनय अहिरवाल, युक्ति सराफ दिव्या दुबे सहित समस्त विद्यालय परिवार ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# महिला महाविद्यालय में पोषण क्विज का आयोजन

दमोह देशबन्धु। शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में महिला एवं बाल विकास भारत सरकार के द्वारा पोषण क्विज का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी.एल. जैन के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदित्य जैन प्रोग्रामर नीति आयोग एवं प्रवीण मिश्रा जिला प्रभारी नीति आयोग से रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. अवधेश जैन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. आराधना श्रीवास रहीं। कार्यक्रम में डॉ. रेखा जैन, डॉ.एन.पी. नायक, डॉ. अरूणा एम. जैन, डॉ. के.के. उमाहिया, डॉ. मुदिता प्रवीण श्रीवास्तव, डॉ. डी.के. नेमा, डॉ. मालती नायक, डॉ. बृजेंद्र सिंह कुसमरिया, डॉ. दीपक कुमार सैनी, श्री बृजेश कुमार, प्रीती वर्मा, सुरेखा बड़ौले, कुमारी प्रिया थापा एवं महाविद्यालय की छात्राओं की उपस्थिति रही। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमारी प्रतिभा सूर्यवंशी बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान प्रीति लोधी बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष तृतीय स्थान काजल विश्वकर्मा बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष, चतुर्थ स्थान शिवानी नामदेव बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष एवं पंचम स्थान कुमारी रितु लोधी बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया।

## एक दिवसीय निःशुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर

**दमोह देशबन्धु।** नगर में 5 अक्टूबर दिन गुरुवार को पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मुख्य केंद्रीय प्रभारी डॉक्टर स्वामी परमार्थदेव जी का 3 घंटे का प्रशिक्षण शिविर होगा. इसमें योग, आसन, प्राणायाम, एक्यूप्रेशर एवं दिनचर्या से लेकर ध्यान का विशेष प्रशिक्षण होगा. योग शिविर कार्यक्रम प्रभारी दीपक सिंह राजपूत ने बताया कि तहसील ग्राउंड दमोह में सुबह 5:00 बजे से 8:00 बजे तक योग चिकित्सा ध्यान कार्यक्रम आयोजित होगा. योग शिविर के बाद प्रेस वार्ता होगी, पतंजलि योग समिति के अध्यक्ष पंडित कृष्ण कुमार परोहा ने बताया कि प्रेस वार्ता के बाद कार्यकर्ताओं की बैठक मुख्य केंद्रीय प्रभारी की अध्यक्षता में जटाशंकर स्थित मानस भवन में 11 बजे से संपन्न होगी, शिविर पूर्णतया फ्री रहेगा, जिसमें पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के कुशल अनुभवी वैध द्वारा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श भी दिया जाएगा।.पतंजलि योगपीठ की लाइफमेंबर डॉक्टर वीना यदु, अनीता सिंह, वर्षा शुक्ला, डॉक्टर केदारनाथ शर्मा,फाउंडर मेंबर अभय सचदेव, पर्वत सिंह यादव सभी नगरवासियों से योग शिविर का लाभ लेने की अपील की है, जो भाई बहन हरिद्वार योग शिविर में नहीं जा पाते हैं उनके लिए सुनहरा मौका है कि वह अपने दमोह नगर के तहसील ग्राउंड में सुबह 5:00 बजे जाकर के योग प्राणायाम का प्रशिक्षण विधि विधान से लें और अपना जीवन निरोगी बनाएं।

## विनोद राय ने किया बड़ादेव देवालय का उद्घाटन, भंडारा हुआ



**दमोह/नोहटा देशबन्धु।** ग्राम पंचायत चोरई में बड़ादेव देवालय का उदघाटन एवं विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारो की संख्या में सागा समाज एवं पूरी विधानसभा से क्षेत्रवासी इस कार्यक्रम में पहुँचे। जनपद पंचायत जबेरा अध्यक्ष प्रति विनोद राय ने सागा समाज के लोगो का फूल माला पहनकर स्वागत बंधन किया। बड़ादेव जी की आरती के बाद कन्या पूजन की गई इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सगा समाज की बच्चियों एवं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# महिला-पुरुष पहलवान उतरे मैदान में, दर्शकों की उमड़ी भीड़

### इटवां कला ग्राम मे विराट इनामी दंगल का हुआ आयोजन




पन्ना, देशबन्धु। विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर पन्ना जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत डोभा ग्राम पंचायत इटवांकला में विराट इनामी दंगल का आयोजन हुआ। जिसमें दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश की महिला पहलवानों सहित कई राज्यों के जाने माने पहलवानों ने भाग लिया। उक्त अवसर पर पहलवानो ने अपने अपने दांव पेच दिखाये जिसे देखकर दर्शक मंत्र मुग्ध हो गये कुश्ती लड़ने वालों को मेडल एवं नगद इनामी राशि से पुरस्कृत किया गया। इसके बाद जिला स्तर के पहलवानों की कुश्तियां हुई जिसमें लगभग दर्जन भर क्षेत्रीय युवा पहलवानों ने अपनी कला कौशल का प्रदर्शन किया। जिसमें जग्गा पहलवान आगरा, कुलदीप पहलवान झांसी, हुकुम पहलवान दिल्ली, अंकित पहलवान दिल्ली, विनोद पहलवान कौशांबी, राजू पहलवान मऊ, भूरा पहलवान बनारस, लोकेंद्र पहलवान आगरा, फूलचंद पहलवान अमलाहट, बल्लू पहलवान बांदा, राजू पहलवान चित्रकूट आदि ने कुश्ती का प्रदर्शन किया।

**महिला पहलवानों का मुकाबला रहा आकर्षण का केन्द्र:** दंगल में महिला पहलवानों की कुश्ती आकर्षण का केन्द्र रही जिसमें ज्योति पहलवान ने अमृता पहलवान को हराकर 21 हजार रुपये की नगद इनामी राशि प्राप्त की। इसी प्रकार जग्गा पहलवान आगरा, अंकित पहलवान दिल्ली और फूलचन्द्र पहलवान अमलाहट पन्ना ने भी शानदार कुश्ती का प्रदर्शन कर 11-11 हजार की इनामी राशि प्राप्त की, विजेता पहलवानों को मेडल और शील्ड से नवाजा गया। उक्त कुश्ती प्रदर्शन के कार्यक्रम में अतिथि के रूप से राम अवतार बबलू पाठक भाजपा नेता, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह भैया राजा, मंगल सिंह राजावत पूर्व सैनिक व समाज सेवी, जानकी यादव पूर्व रेंजर एवं कांग्रेस नेत्री, सोनिया यादव, कमलेश विश्वकर्मा, संतोष सिंह यादव जिला पंचायत उपाध्यक्ष, बृजमोहन सिंह यादव, बाला प्रसाद लोधी, अरविंद सिंह आदि सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# अवैध शराब का भंडारण पर की कार्रवाई



**पन्ना, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस थोटा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारीयों को अवैध शराब एवं जुआ, सट्टा में संलिप्त व्यक्तिओं के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह व समस्त अनु.अधि. पुलिस के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर पुलिस टीमो का गठन किया गया। इसी तारतम्य में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। 30 सितम्बर को रात्रि में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उप निरी. आर.आर प्रजापति को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की ग्राम चांदा में एक व्यक्ति भारी मात्रा में महुआ की बनी शराब रखे है। प्राप्त मुखबिर सूचना को वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशानुसार थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उप निरी. आरआर प्रजापति द्वारा पुलिस टीम के साथ मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंच कर रेड कार्यवाही की गई तो राम उजागर सिसोदिया पिता राम प्रसाद सिसोदिया उम्र 40 साल निवासी ग्राम चांदा राजापुर के कब्जे से 4 प्लास्टिक के डिब्बो में 57 लीटर हाथ भट्टी की बनी महुआ की देशी शराब कीमती करीब 5700 रुपये की जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना देवेन्द्रनगर में अपराध क्र. 326/2023 धारा 34(2) आब.अधि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से 4 प्लास्टिक के डिब्बो में 57 लीटर हाथ भट्टी की बनी महुआ की शराब कीमती 5700 रुपये की जप्त की गई। आरोपियों में राम उजागर सिसोदिया पिता राम प्रसाद सिसोदिया उम्र 40 साल निवासी ग्राम चांदा राजापुर थाना देवेन्द्रनगर उपरोक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उप निर. आरआर प्रजापति, राजेश प्रजापति, बाबू लाल प्रजापति, आनन्द बागरी, मुकेश यादव, राकेश सिंह, जयदेव गौतम, बीनस पाण्डेय, जीतेन्द्र अचाले, संतोष आर्य का सराहनीय योगदान रहा पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त टीम को पुरुष्कृत किये जाने की घोषणा की।




स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

# आचार्य श्री विद्यासागर सागर का तप भगवानों के जैसा है: भूपेंद्र सिंह

**खुरई, देशबन्धु।** खुरई की पुरानी गल्लामंडी प्रांगण में आयोजित विमानोत्सव एवं क्षमावाणी कार्यक्रम में मंत्री भूपेंद्र सिंह ने उपस्थित होकर गुरुवर श्री समयसागर की चरण वंदना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंत्री श्री सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि आप सबके और आचार्य श्री विद्यासागर के आशीर्वाद से मुझे सामाजिक दृष्टिकोण से सेवा करने का अवसर मिला है। इस समाज के प्रति मेरी हमेशा से ही श्रद्धा रही है। आचार्य श्री विद्यासागर स्वयं ईश्वर का ही स्वरुप है। महाराज जी का यह जो तप त्याग है वह ईश्वर जैसा ही है। महात्मा गांधी स्वतंत्रता से ज्यादा स्वच्छता को महत्व देते थे। उन्होंने क्षेत्र की बात करते हुए बताया कि मेरे विधायक बनने के पहले जिस क्षेत्र में लाइट की समस्या रहती थी वहां अब 24 घंटे बिजली मिल रही है, साथ ही चारों ओर व्यवसाय एवं व्यापार भी बड़ा है। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सकल जैन समाज की मुख्य मांगों को मंजूर करते हुए कहा कि खजुराहो मंदिर पुरातत्व विभाग के अधीन नहीं दिए जाएंगे एवं दोमट गिरी का रास्ता भी किसी भी व्यक्ति विशेष को नहीं दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने आचार्य श्री विद्यासागर की दो करोड रुपए की आर्ट गैलरी को भी स्वीकृति प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में सकल दिगंबर जैन समाज के संदीप बजाज ने आभार व्यक्त करते हुए बताया कि क्षेत्रिय विधायक भूपेंद्र सिंह ने क्षेत्र में अनेकों विकास कार्य किए हैं। वे अपने व्यस्त समय से समय निकाल कर हमारी सकल जैन दिगंबर जैन समाज के कार्यक्रम में उपस्थित हुए हैं जिनके लिए हम उनका आभार व्यक्त करते हुए उन्हें उत्तम क्षमा प्रेषित करते हैं। कार्यक्रम उपरांत मंत्री श्री सिंह ने आचार्य श्री समयसागर को जिनवाणी शास्त्र भेंट कर एवं उनकी चरण वंदना कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया




## लोक निर्माण मंत्री ने किया करोड़ों के भूमिपूजन एवं शिलान्यास



**सागर, देशबन्धु।** मंत्री गोपाल भार्गव ने गढ़ाकोटा, झागरी, सूरजपुरा एवं रोन बलेह से हनुमंता देवी तथा बुड़ार मार्ग पर पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। गढ़ाकोटा झगरी मार्ग 15.50 किलोमीटर लागत 4186.09 करोड़ रुपए हनुमंता देवी पहुंच मार्ग 1.20 किलोमीटर 175.94 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण कार्य हुआ। वही बुडार नाले पर 25 मीटर की पुलिया निर्माण सहित पहुंच मार्ग हेतु 171.34 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में साहित्य तिवारी, हरिशंकर जायसवाल, दिनेश रावत, विक्की पांडे, सुरेश कपस्या, संतोष पटेल सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। हनुमंता दरबार में पहुंचकर श्री भार्गव ने माता के दर्शन कर पूजना अर्चना की। ज्ञात हो की हनुमंता माता पहुंच मार्ग निर्माण के लिए कई किसानों ने अपनी जमीनें दान की है। लगभग तीन दर्जन ग्रामों के लोगो का यह आस्था का केंद्र है। श्री भार्गव ने कहा कि यह मार्ग बन जाने से हनुमंता माता के भक्तो को दर्शन के लिए सुगम हो जायेगा। यहां पर शादी घर बनने से हजारों लोग अपने बेटे बेटियो की शादी कर पुण्य लाभ अर्जित करते है। इस दौरान माता के दरबार में राधे राधे भजन मंडल के लोगो द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी गई।

## बांदरी के 732 भूमिहीन परिवारों को मिला मालिकाना हक



**बांदरी, देशबन्धु।** बांदरी के चार वार्डों में भूमिहीन लोगों के चेहरे पर प्रसन्नता देखने को मिली। यहां विभिन्न कार्यक्रमों में सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने 732 भूमिहीन परिवारों को मुख्यमंत्री भू.अधिकार योजनांतर्गत जमीन के पट्टों का वितरण किया। पट्टा वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सत्येंद्र सिंह ने कहा कि हर वर्ग के कल्याण व प्रगति के लिए भाजपा कार्य कर रही है।

आज मंत्री भूपेन्द्र सिंह के प्रयासों से यहां पात्र परिवारों को मालिकाना हक के पट्टे वितरित किए गए है। सरोज सिंह ने क्रमश: वार्ड क्रमांक 1 अटाटीला, वार्ड क्रमांक 8 सादपुर, वार्ड क्रमांक 13 बांदरी में हितग्राहियों को कुल 732 हितग्राहियों को मुख्यमंत्री भू.अधिकार योजनांतर्गत पट्टे वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि हर जरूरतमंद का इस योजना में मिलने वाले लाभ पर पूरा अधिकार है। जिनके पास पहले स्वयं की भूमि नहीं थी, वे अपना आवास नहीं बना पा रहे थे। इस परेशानी को देखते हुए मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कड़ी मेहनत कर आवास योजना की तरह ही मुख्यमंत्री भू.अधिकार योजना का लाभ संपूर्ण खुरई विधानसभा क्षेत्र को वृहद स्तर पर दिलाया है। कार्यक्रम में अधिकारी कर्मचारी सहित नगर वासी शामिल हुए।

## कस्बा बण्डा से भारी मात्रा में की अवैध शराब जप्त

**सागर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा अवैध शराब की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान में अवैध शराब विक्रय व निर्माण की रोकथाम हेतु निर्देशित किया गया था जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार उइके, एसडीओपी बण्डा शिखा सोनी के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्र के अवैध शराब विक्रय व निर्माण की रोकथाम कर आरोपियो की गिरफ्तारी हेतु थाना पर टीम गठित की गई थी सूचना प्राप्त हुई कि पुरानी चीलघर के पास वार्ड क्र. 13 कसवा बण्डा में मुग्गे उर्फ तेजप्रताप लोधी के कब्जा किये पुराने मकान में अवैध शराब रखी हुई है कि सूचना पर थाना बण्डा में उपस्थित स्टाफ मौके पर पहुंचकर तस्दीक किया कि मुग्गे उर्फ तेजप्रताप पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे हम राही स्टाफ की मदद से पकड़ने का प्रयास किया जो मौका पाकर घटना से भाग गया साक्षीगणो की निशादेही में मकान की तलाश ली गई जिसमें कुल 7 प्लास्टिक की बोरी रखी मिली जिन्हें खोलकर चैक किया जिसमें अवैध देशी लाल मशाला शराब रखी होना पाई गई तब मौके पर प्रत्येक बोरी को खोलकर देखा जिसमें कुल 1400 पाव देशी लाल मसाला शराब 252 लीटर कीमत 98,000 रुपए होना पाई गई आरोपी मुग्गे उर्फतेजप्रताप पिता सुखसिंह लोधी निवासी वार्ड क्र. 12 बण्डा के विरुद्ध धारा 34(2) आव एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक नसीर फारुकी, संजय बघेल, राजमणि, पदमवीर, राकेश यादव, चालक सोनू का विशेष योगदान रहा।



### केंद्रीय जेल की खाली जगह पर अत्यधिक सर्व सुविधा युक्त बनेंगे डिस्टिक बिजनिश सेंटर बनेगा बहुमंजिला आवासीय एवं व्यवसायिक परिसर

## महानगरों की तर्ज पर किया जाएगा सागर का विकास: भूपेन्द्र सिंह



**सागर, देशबन्धु।** सागर शहर में स्थापित केंद्रीय जेल के विस्थापन से खाली होने वाली जमीन पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर का सर्व सुविधायुक्त बहुमंजिला आवासीय परिसर एवं व्यवसायिक परिसर के साथ डिस्टिक बिजनेश सेंटर भी तैयार किया जाएंगा, जिससे कि न केवल रोजगार प्राप्त होगा बल्कि स्वरोजगार भी उत्पन्न किया जा सकेगा, जिससे सागर का विकास महानगरों की तर्ज पर होगा और सागर का नाम महानगरों की श्रेणी में शामिल होगा। केंद्रीय जेल का विस्थापन सागर शहर से 12 किलोमीटर दूर चितौरा में 200 एकड़ जमीन पर 250 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक रूप से शीघ्र ही प्रारंभ होगा। मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बताया कि केंद्रीय जेल सागर गोपालगंज की 40 एकड़ जमीन पर यह व्यवसायिक परिसर एवं आवासीय परिसर तैयार होगा। केंद्रीय जेल सागर को ब्लॉक नंबर 70 खसरा नंबर 459, 514 की 14.33 हेक्टेयर जमीन पर यह निर्माण कार्य होगा। आवासीय परिसर 75 प्रतिशत 11.1879 हेक्टर अर्थात 111879.31 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में आवास तैयार कराए जाएंगे। इसी प्रकार व्यावसायिक परिसर 25 प्रतिशत अर्थात 3.7293 हेक्टर 37293.11 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में व्यवसायिक काम्पलेक्स बनाए जाएंगे। संपूर्ण जमीन की कीमत 42400 रुपए वर्ग मीटर के हिसाब से आंकी गई है। इस आवासीय परिसर एवं व्यवसायिक परिसर बन जाने से सागर वासियों को बीच शहर में न केवल अपना आवास प्राप्त होगा बल्कि रोजगार एवं व्यवसाय करने के लिए जगह भी उपलब्ध होगी।

## एमबीबीएस के छात्र से लूट करने वाले आरोपियो को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सागर, देशबन्धु।** 26 अगस्त 2023 को आशुतोष केवट पिता गोविंद केवट उम्र 22 वर्ष निवासी भूमिया ढाना थाना गाडरवारा जिला नरसिंहपुर ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट किया था कि वह बुंदेलखण्ड मेडीकल कॉलेज में एमबीबीएस का छात्र है। 26 अगस्त 2023 को यह अपने घर भूमिया ढाना जा रहा था। जब बह बिहारी ढाबा के पास पामाखेडी पहुचा तो तीन लोगो ने पीछे से मोटरसाईकिल से आकर इसका रास्ता रोक लिया एवं वन प्लस कंपनी का मोबाइल तथा ब्लूटूथ लूट लिया तथा इसके साथ मारपीट की और भाग गये। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियो के विरूद्ध अपराध क्रमांक 316/23 धारा 394 341 ताहि कायम किया गया। विवेचना के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों को मार्गदर्शन एवं निर्देशन में घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी चैक किये गये। अज्ञात आरोपियो को पकडने हेतु सायबर सेल की सहायता प्राप्त की गई। मुखबिर की सूचना के आधार पर संदेही अंकित उर्फ सौरभ पटैल पिता राजकुमार पटैल उम्र 19 वर्ष, मोहन उर्फ अभिषेक पटैल पिता अरविंद पटैल उम्र 19 वर्ष एवं एक अपचारी बालक निवासी गंभीरिया थाना मकरोनिया को दस्तयाब किया गया। संदेहियो से पूंछतांछ की गई जो आरोपियो द्वारा घटना स्वीकार की गई। आरोपियो से फरियादी का मोबाइल एवं ब्लूटूथ जप्त किया गया एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त की गई। आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। आरोपियो को पकडने में निरी आरपी दुबे, अशोक उपाध्याय, जय सिंह, ओमकार सिंह, हरिनारायण, राजेश पाण्डेय, उमेश तिवारी आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## एक शाम बापू जी के नाम, भजन संध्या कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को दी श्रद्धांजलि



**शाहगढ़, देशबन्धु।** नगर परिषद प्रांगण में एक शाम बापू जी के नाम भजन संध्या कार्यक्रम हुआ। जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक पं. जगदीश शुक्ला एंड पार्टी द्वारा रात्रि में देश भक्ति से ओतप्रोत महात्मा गांधी के प्रिय सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। भजन संध्या का शुभारंभ तहसीलदार जीसी राय, नगर परिषद अध्यक्ष राधा खटीक, रंजोर सिंह बुंदेला, पुनीत जैन, जग्गी साहू, योगेश दुबे, बीईओ अशोक तिवारी, सीएमओ एमजी गोस्वामी द्वारा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलित करके शुरुआत की गई, गायक शुक्ला द्वारा प्रस्तुत राम राम राम हरे राम और संवरिया आय जइयो इन नयनन के बीच मनमोहक भजन की प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों को भक्ति रस से भर दिया। उनके द्वारा प्रस्तुत भजन राधिका गौरी से बृज की छोरी से मैया करा दे मेरो ब्याह इस भजन ने उपस्थित भक्तजनों थिरकने पर विवश कर दिया। नगर परिषद द्वारा प्रसिद्ध गायक एवं समस्त कलाकारों का शाल, श्रीफल भेंट कर किया गया। इस अवसर पर सभी पार्षद एवं भक्तजन उपस्थित थे। जैसे ही गायक ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए, दे दी हमें आजादी, धर्म वो ही एक सच्चा, का एक साथ समवेत स्वर में गायन किया। जैसे ही देश भक्ति के गीत प्रस्तुत किए तो एकदम से भीड़ का पूरा माहौल ही बदल गया। लोग श्रीराम और देश की भक्ति से सराबोर होकर परिसर में ही झूमने लगे। देश भक्ति के भजनों का ऐसा रस बरसा कि लोगों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो के बलिदान का अहसास होते ही सभी की आंख नम हो गई और उनको श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने देश की आजादी में महात्मा गांधी के योगदान को याद करते हुए स्वच्छता का संदेश देते हुए उन्होंने नगर परिषद को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और महात्मा गांधी के एवं संदेश विचारों को जीवन में स्थापित करने की बात कही। अंत में राष्ट्रगान के साथ भजन संध्या कार्यक्रम का समापन हुआ।

## खाद्य प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण



**दमोह, देशबन्धु।** डीओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने तेंदूखेड़ा नगर में खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण कार्यवाही में तेंदूखेड़ा में जबलपुर रोड स्थित आशीष स्वीट्स, जैन कृषि केंद्र, आशीष किराना, कृष्णा जनरल स्टोर, भाग्यश्री किराना, अमित किराना आदि शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान इन किराना दुकानों में संग्रहित एक्सपायरी डेट की लगभग 12 किलो खाद्य सामग्री पास्ता, नूडल्स, कुरकुरे, नमकीन मूल्य लगभग 2400 रुपए का मौके पर विनष्टीकरण करवाया गया है। मौके पर समस्त दुकानदारों को एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री का परिसर में भंडारण एवं विक्रय नहीं करने के निर्देश दिए।

## बीकेपी में मनाया गया अहिंसा दिवस

**देवरीकलां, देशबन्धु।** बीकेपी कालेज में प्रत्येक वर्ष 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर अहिंसा दिवस मनाया जाता है प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी पं. बृज किशोर पटेरिया महाविद्यालय देवरी में अहिंसा दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। अहिंसा दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में बच्चों के मध्य आधुनिक राजनीति में गांधी के विचारों की प्रासंगिकता शीर्षक से निबंध प्रतियोगिता तथा महात्मा गांधी के विचारों में अहिंसा व अडिगता शीर्षक पर पोस्ट निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम खुशी अहिरवार, द्वितीय तनु चौरसिया एवं तृतीय स्थान शांभवी पांडे, पोस्ट निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम रोशनी सोलंकी, द्वितीय दीपा पटेल एवं तृतीय स्थान नित्य लोधी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय संचालक डॉ. अवनीश मिश्रा, प्राचार्य डॉ. विजय कुमार द्विवेदी सहित समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ शामिल रहा।



## नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को 3 साल की कैद

**सागर, देशबन्धु।** बालिका के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी द्वारका यादव को अदालत ने तीन वर्ष के सश्रम कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। प्रकरण की सुनवाई तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट 2012 नीलम शुक्ला की कोर्ट में हुई। शासन की ओर से मामले की पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रिपा जैन ने की। अभियोजन के मीडिया प्रभारी ने बताया कि नाबालिग पीड़िता ने गोपालगंज थाने में शिकायत करते हुए बताया था कि 4 सितंबर 2019 की शाम करीब 6.30 बजे वह अपने घर से दूध लेने गई थी। जब वह दूध लेकर वापस घर आ रही थी। तभी रास्ते में आरोपी द्वारका मिला और बुरी नियत से हाथ पकड़ लिया। गंदी-गंदी गाली देने लगा। विरोध किया तो वह किसी लड़के की बाइक पर बैठकर चला गया। इस घटना से पहले भी आरोपी उसे देखकर अश्लील गाने गाता था और बुरी नियत से घूरता था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। जांच पूरी होने पर न्यायालय में चालान पेश किया। कोर्ट से मामले में सुनवाई शुरू की। सुनवाई के दौरान अभियोजन ने प्रकरण से जुड़े साक्ष्य और दस्तावेज न्यायालय में पेश किए। पीड़िता की गवाही कराई। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुना और फैसला सुनाते हुए आरोपी द्वारका यादव को तीन वर्ष की सजा सुनाई है



## घर में अवैध रूप से गांजा रखने वाले आरोपी को 1 वर्ष का कठोर कारावास

**सागर, देशबन्धु।** घर में अवैध रूप से गांजा रखने वाले आरोपी गोकुल अहिरवार को न्यायालय विशेष न्यायाधीश अंतर्गत धारा 36 (1) स्वापक औषधि एवं मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 जिला सागर, अब्दुल्लाह अहमद की न्यायालय ने दोषी करार देते हुये स्वापक औषधि एवं मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 की धारा 20(इ)(पप)(ठ) के तहत 1 वर्ष कठोर कारावास एवं पांच हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। मामले की पैरवी प्रभारी उप संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्ग दर्शन में विशेष लोक अभियोजक संजय कुमार पटैल ने की। घटना इस प्रकार है कि थाना सानौधा में पदस्थ निरीक्षक को 19 सितम्बर 2019 को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रगौली में आरोपी गोकुल अहिरवार अपने घर में अवैध रूप से गांजा रखे है उसके पश्चात मुखबिर सूचना एसडीओपी रहली को भेजी गई। सर्च वारंट प्राप्त होने पर विलंब को देखते हुये संपूर्ण तैयारी उपरांत आरोपी के घर पहुंचने पर आरोपी अपने घर के दरवाजे पर खड़ा मिला जिसका नाम पता पूछकर दस्तयाबी पंचनामा तैयार किया गया। आरोपी के घर की तलाशी लेने पर उसके घर से प्लास्टिक की बोरियां मिली जिसमें एक पीले रंग की बोरी में गांजा जैसा पदार्थ मिला, जिसे सरसरी तौर पर भौतिक परीक्षण में सूंघकर, रगड़कर, जलाकर, चखकर देखा गया तो गांजा होना पाया गया जिसका पंचनामा बनाया गया। आरोपी से बरामद मादक पदार्थ का तौल करने पर कुल वजन 3 किलो 200 ग्राम होना पाया गया। अभियुक्त का कृत्य 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत पाये जाने से उसे गिरफ्तार किया गया। थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, अपराध आरोपी के विरूद्ध दर्ज करते हुये विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

## वर्णी जयंती का दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

### देश के कोने-कोने से शामिल हुए 200 से ज्यादा विद्वान



**सागर, देशबन्धु।** मुनिश्री अजित सागर, सौम्यनंदनी माताजी, सुयोग्यनंदनी माताजी के मंगल सान्निध्य में श्री गणेश दिगंबर जैन संस्कृत महाविद्यालय वर्णी भवन मोराजी एवं वर्णी स्नातक संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वर्णी जी की 150 वीं जन्मजयंती महामहोत्सव की शुरुआत प्रात: काल की बेला में झंडारोहण मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी कपिल मलैया तथा मोराजी के महामंत्री डॉ. क्रांति कुमार सराफ मंत्री मुकेश एवं पं. ज्ञानचंद प्राचार्य के निर्देशन में एवं वर्णी संस्थान विकास सभा के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। आचार्य श्री क्षुल्लक वर्णी जी के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्वलन उपस्थित विद्वानों द्वारा किया गया। इसके पश्चात आर्यिका सौम्यनंदिनी के सानिध्य एवं उनके आशीर्वाद वचन के पश्चात विधायक शैलेंद्र जैन द्वारा वर्णी जी के जीवन चरित्र पर एक बहुत ही भव्य एवं अद्भुत प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात दोपहर में प्रो. डॉ. भागचंद भास्कर की अध्यक्षता एवं डॉ. क्रांति कुमार सराफ के मुख्य आथित्य में स्नातक सम्मेलन प्रारंभ हुआ सभी ने अपने विचार व्यक्त किया। स्नातक सम्मेलन में प्रो. डॉ. भागचंद भास्कर, डॉ. क्रांति कुमार सराफ, प्रो. डॉ. पीसी जैन, पं. कस्तूरचंद, पं. भावेश ईसरी, पं. जीवंधर शास्त्री एवं बहुत से आगत स्नातकों का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर वर्णी संस्थान सभा के कार्य अध्यक्ष संजय कुमार ढाना को गणेश प्रसाद स्मृति पुरस्कार जो प्रो. डॉ. भागचंद भास्कर, डॉ. पुष्पलता नागपुर द्वारा प्रदाय किया गया। वर्णी संस्थान विकास सभा के विशिष्ट मीडिया प्रभारी मनीष विद्यार्थी ने सभी उपस्थित जैन समाज का आभार माना। द्वितीय दिन सुबह से नित्य नियम मुनिश्री के मंगल सानिध्य राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी के प्रथम सत्र का उद्घाटन पं. फूलचंद प्रेमी वाराणसी की अध्यक्षता में अतिथियों द्वारा चित्रावरण, दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण पं. अखिलेश शास्त्री रामगढ़ जिसमें ब्र. जयकुमार निशांत, पं. विनोद रंजवास, डॉ. अमित आकाश वाराणसी, डॉ. हरिश्चंद्र जैन शास्त्री, त्रिलोक जैन शास्त्री बड़ागांव दिल्ली, सुरेंद्र जैन प्राचार्य भगवां ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन पं. राजकुमार शास्त्री एवं चंद्रेश शास्त्री ग्वालियर ने किया। मुनिश्री अजित सागर ने कहा वर्णी जी महाराज ने विद्वानों के लिए विद्यालयों की स्थापना कर जैन धर्म को जीवन करने का महत्वपूर्ण योगदान दिया है उनके द्वारा 100 से ज्यादा विद्यालयों की स्थापना की गई। अंत में सभी उपस्थित विद्वानों का सम्मान किया गया कार्यक्रम में आभार संजय शास्त्री ने माना।